

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-64 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 16 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## तीन महीने की प्लानिंग... .मुर्शिदाबाद हिंसा में विदेशी फंडिंग और आतंकी साजिश का सनसनीखेज खुलासा



मुर्शिदाबाद (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ कानून के विरोध में भड़की हिंसा ने विकराल रूप ले लिया है। इस हिंसक झड़पों में अब तक 3 लोगों की जान जा चुकी है, सैकड़ों लोग घायल हुए हैं, और कई परिवारों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर पनाह लेनी पड़ी है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इलाके में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी गई है और कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस बीच, भारतीय जांच एजेंसियों के सूत्रों ने इस हिंसा के पीछे एक गहरी और सुनियोजित साजिश का पर्दाफाश किया है, जिसमें विदेशी फंडिंग और आतंकी कनेक्शन होने के चौंकाने वाले संकेत मिले हैं।जांच एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, मुर्शिदाबाद में हुई यह हिंसा कोई अचानक भड़की घटना नहीं, बल्कि इसे अंजाम देने की योजना पिछले तीन महीनों से चल रही थी। सूत्रों का दावा है कि इस हिंसा को भड़काने के लिए विदेशों से, विशेषकर तुर्की से, वित्तीय मदद भेजी गई थी।

एजेंसियों ने जांच के दौरान पाया कि यह आतंकवाद फैलाने का एक नया तरीका हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि करीब दो महीने पहले, किसी आतंकी समूह (संभवत: एटीबी – अंसारुल्लाह बांग्ला टीम) के दो जाने-माने सदस्य मुर्शिदाबाद आए थे और उन्होंने 'बड़ी दावत' (जिसे एजेंसियां कोड वर्ड मान रही हैं) होने की बात कही थी। ये लोग किसी 'ट्रिगर पॉइंट' यानी हिंसा शुरू करने के बहाने का इंतजार कर रहे थे। पहले रामनवमी पर माहौल बिगाड़ने की योजना थी, लेकिन कड़ी सुरक्षा के कारण ऐसा नहीं हो सका। बाद में वक्फ कानून से जुड़ा मुद्दा हिंसा भड़काने का जरिया बन गया। खुलासे के अनुसार, हमलावरों का पहला लक्ष्य ट्रेनों को रोकना, सरकारी संपत्ति को नष्ट करना, हिंदुओं को निशाना बनाना और घरों में लूटपाट करना था। उन्हें उकसाया गया था कि वे जितनी ज्यादा तबाही मचाएंगे, उन्हें उतना ही ज्यादा पैसा दिया जाएगा।

### 2,850 करोड़ के पीएसीएल घोटाले में ईडी की बड़ी कार्रवाई, राजस्थान के पूर्व मंत्री के घर में की रेड

जयपुर (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय ने 2,850 करोड़ रुपये के पीएसीएल घोटाले में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के निवास पर छापा मारा। इस मामले में ईडी कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास की भूमिका की जांच में जुटी है। पीएसीएल ने देशभर में लगभग 5.85 करोड़ निवेशकों को ठगा था। सेबी ने साल 2014 में कंपनी के खिलाफ एक्शन लिया था। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो 2016 में 1.86 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति की वसूली और निवेशकों को पैसे लौटाने के उद्देश्य से एक समिति बनाई। अब इसी मामले में ईडी ने एक्शन लिया है। उधर, छापेमारी पर कांग्रेस नेता ने कहा कि ईडी यहां तलाशी और छापेमारी करने आई है। मैं उनके साथ सहयोग कर रहा हूं। ईडी अपना काम कर रही है और मैं अपना काम करूंगा। मेरा मानना है कि भाजपा को ईडी का इस्तेमाल करके राजनीति नहीं करना चाहिए।

## आज मंडला से होगी लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**लाड़ली बहना योजना की राशि अब प्रतिमाह 15 तारीख के आसपास की जाएगी अंतरित**




भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 16 अप्रैल को मंडला जिले के ग्राम टिकरवारा से लाड़ली बहनों के खाते में राशि का अंतरित की जायेगी। उन्होंने कहा कि राशि अंतरण की तारीख में सदैव एकरूपता लाने के लिए अब राज्य सरकार द्वारा प्रतिमाह 15 तारीख के आसपास यह राशि लाड़ली बहनों के खाते में हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल (बुधवार) को मंडला जिले से प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाडली बहनाओं के खाते में 1552.38 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद् की बैठक के पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में 13 अप्रैल को राज्य सरकार तथा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के मध्य सहकारिता अनुबंध हुआ। इससे प्रदेश के पशुपालकों को सीधा लाभ होगा।

## रफ्ता रफ्ता सत रस्ते से ..बा-कलम मनमौजी




मनमौजी का काम नाम अनुरूप है, पढ़ने लिखने का शौकिन, हर खबर घटना पर पैनी नजर और उस पर अपनी बेबाक टिप्पणी जो देश समाज के हित में हो वैसी बात और सोच, यही है मनमौजी।

### वन विभाग की मिली भगत से कट रहे हैं जंगल, मौज उड़ा रहे हैं तथाकथित अफसर

**दैनिक क्षितिज किरण, नर्मदापुरम**

मनमौजी, रक्षक ही जब भक्षक बन जाये तो क्या हो खेत ही बागड़ खाने लगे तो क्या होगा शायद इस ओर हमारे आला अधिकारी मुख्य सचिव जी की नजर पड़ जाये तो कुछ हो....

### भोपाल से 40 किमी दूर, नल सूखे...50 परिवारों ने गांव छोड़ा

**दैनिक भास्कर**

मनमौजी, सीहोर जिले के कई गाँव की यही हालत है पानी की त्राही-2 है शासन प्रशासन हर बार हल खोजने की बात करता है परन्तु वही ढक के तीन पात।

### मोदी ने कैथल के कश्यप को पहनाए जूते

**पत्रिका**

मनमौजी, ऐसे भक्त को तो मोदी जी की सर भाँखों पर बैठाना चाहिए मैं अर्जुन सिंह जी एक ऐसे ही भक्त को जानता हूं वैसे वे अब संसार में नहीं रहे अर्जुन सिंह जी ने उन्हे बेहद नवाजा था।

### समंदर में चल रहा नशे का भयंकर खेल, 1800 करोड़ की ड्रग्स देख फटी रह गई कोस्टगार्ड की आंखें

**दैनिक क्षितिज किरण, नर्मदापुरम**

मनमौजी, पोरबंदर नशे के विरोधी गाँधी जी की कर्मस्थली है, और कोई देखने वाला नहीं है यह तो किसी हिम्मती ने पकड़ लिया इसके पहले न जाने कितनी बार यह हुआ होगा।

### कलेक्टर ने किया सीवन नदी, सीटू नाले एवं भगवानपुरा तालाब का निरीक्षण

**दैनिक क्षितिज किरण, सीहोर**

मनमौजी, कलेक्टर महोदय जब से आये है निरंतर पानी की कमी को लेकर चिंतित है, और हल निकालने का प्रयास कर रहें है प्रभु आपको सफल करे समस्या का समाधान हो।

### गुजरात बार्डर पर मप्र ने खोले शराब तस्करी के 7 कॉरिडोर

**नीलामी ऐसी...50 प्रतिशत आबादी भी शराब पिए तो प्रत्येक को साल में 1 लाख खर्च करने होंगे**

**दैनिक भास्कर**

मनमौजी, म0प्र0 सरकार तो आय के साधन ढूंढ रही है हद तो यह है कि मुख्यमंत्री निवास से डेढ किमी दूरी, गांधी भवन से दो सौ मीटर, हिन्दी भवन से 60 मीटर पॉलीटेक्निक कॉलेज से 20 मीटर, एमएलबी गर्ल्स कॉलेज से 50 मीटर की दूरी में शराब दुकान है जहाँ से मुख्यमंत्री का कॉफिला रोज दस बार गुजरता है, कोई देखने वाला नहीं है आखिर क्या होगा समझ के बाहर है ?

### दलित दूल्हे को मंदिर में जाने से रोका इंदौर की देपालपुर तहसील में पुलिस ने समझाकर सुलझाया मामला

**पत्रिका**

मनमौजी, कितने शर्म की बात है आज भी हम मंदिरों में जाने व पूजा करने से रोक रहें है पुलिस को दखल देना पड़ रहा है।

### 22 हजार बुजुर्गों की पेंशन बंद, नगर निगम के चक्कर काट रहें, नेता अधिकारी किसी के पास जवाब नहीं

**दैनिक क्षितिज किरण, सीहोर**

मनमौजी, मामला इंदौर का है, प्रशासन की लापरवाही से सरकार बदनाम हो रही है मोहन यादव जी का शायद ध्यान चला जाये आये दिन उनका इंदौर जाना होता है।

### गुना में हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, पुलिस ने खदेड़ा....हमलावरों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग

**दैनिक क्षितिज किरण, जबलपुर**

मनमौजी, सरकार ने बुलडोजर की शुरूवात की सुप्रीम कोर्ट ने लताड़ लगाई, अब जनता बुलडोजर चलाने की मांग कर रही है ये हो क्या रहा है समझ के बाहर है।

### बंगाल हिंसा पर सीएम योगी की दो टूक, दंगाइयों का इलाज ही डंडा है, लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर एक बार फिर ममता सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगाल जल रहा है और मुख्यमंत्री चुप हैं, दंगाइयों को शांति दूत कहती हैं। सीएम योगी ने यह भी कहा कि लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं? सीएम योगी ने मंगलवार को हरदोई में अमर सेनानी राजा नरपति सिंह स्मारक स्थल पर आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया।उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि याद कीजिए 2017 के पहले के उत्तर प्रदेश को, हर दूसरे-तीसरे दिन दंगा होता था, इन दंगाइयों का उपचार ही डंडा है। बिना डंडे के मानेंगे नहीं। आप देख रहे होंगे कि बंगाल जल रहा है, वहां की मुख्यमंत्री चुप हैं, दंगाइयों को शांति दूत कहती हैं, लातों के भूत बातों से कहां मानने वाले हैं, लेकिन सेकुलरिज्म के नाम पर इन लोगों ने दंगाइयों को दंगा करने की पूरी छूट दे रखी है।

## पुंछ में सेना के गश्ती दल पर आतंकियों ने की फायरिंग, कोई हताहत नहीं

**-सेना और पुलिस ने किया तलाशी अभियान शुरु, लोगों को भी सतर्क रहने को कहा**



पुंछ,(ए)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के लसाना क्षेत्र में बीती रात संदिग्ध आतंकियों ने सेना की एक टुकड़ी पर फायरिंग की। यह हमला गश्ती पार्टी पर इलाके में निगरानी के दौरान हुआ। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पुंछ-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर तलाशी अभियान शुरु कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में सेना ने बताया कि ऑपरेशन लसाना के तहत सुरनकोट के लसाना इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान आतंकियों से मुठभेड़ भी हुई। इलाके में और जवान भेजे गए हैं और तलाशी अभियान जारी है।जानकारी के मुताबिक देर रात लसान क्षेत्र में सेना की एक टोह पार्टी ड्यूटी पर थी। इस दौरान कुछ संदिग्ध आतंकियों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए उन पर फायरिंग कर दी। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद संदिग्ध आतंकी जंगल में भाग गए। इस मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण की तैयारी, भारत लाने के लिए सीबीआई-ईडी भेजेगी टीम



नई दिल्ली (आरएनएस)। पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के आरोपी और भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। इस गिरफ्तारी के बाद उसे भारत लाने की कवायद तेज हो गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) और प्रवर्तन निदेशालय (ED) की एक संयुक्त टीम जल्द ही प्रत्यर्पण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए बेल्जियम रवाना होगी।चोकसी की गिरफ्तारी के बाद CBI और ED के शीर्ष अधिकारियों ने बैठकें कीं और आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। योजना के तहत, दोनों जांच एजेंसियों के दो से तीन अधिकारियों की एक संयुक्त टीम अपने कानूनी सलाहकारों के साथ बेल्जियम जाएगी। यह टीम प्रत्यर्पण के लिए जरूरी दस्तावेज तैयार करेगी और स्थानीय सरकार के साथ समन्वय स्थापित करेगी ताकि चोकसी को जल्द से जल्द भारत लाया जा सके।हालांकि, चोकसी की भारत वापसी की राह आसान नहीं होगी। उसके वकील विजय अग्रवाल ने संकेत दिए हैं कि वे प्रत्यर्पण को चुनौती देंगे। अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तारी के खिलाफ अपील दायर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और मेडिकल आधार पर जमानत की मांग की जाएगी। वकील का दावा है कि चोकसी बेल्जियम में कैंसर का इलाज करवा रहा है और उसकी स्वास्थ्य स्थिति ऐसी नहीं है कि वह भाग सके।गौरतलब है कि श्वष्ठ ने लगभग छह महीने पहले बेल्जियम सरकार को चोकसी के प्रत्यर्पण का अनुरोध भेजा था, जिस पर अब कार्रवाई हुई है।

### अयोध्या में 'राम मंदिर' को बम से उड़ाने की धमकी, प्रशासन में मची अफरा-तफरी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। आयोध्या में राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार राम जन्मभूमि ट्रस्ट के मेल पर धमकीभरा मेल आया था, जिसमें लिखा था मंदिर की सुरक्षा बढ़ा लो, अगर ऐसा नहीं होगा तो राम मंदिर को बम से उड़ा दिया जाएगा। इस धमकी भरे मेल के पहुंचने के बाद व्यापक सर्च ऑपरेशन भी चलाया गया। अयोध्या के साथ साथ बाराबंकी और अन्य पड़ोसी जिलों में भी सतर्कता बढ़ाई गई।इस मामले में राम जन्मभूमि ट्रस्ट कार्यालय के अकाउंट ऑफिसर महेश कुमार ने मुकदमा दर्ज करवाया है। अयोध्या के साथ-साथ बाराबंकी चंदौली समेत कई अन्य जिलों के जिलाधिकारियों को भी धमकी भरा मेल आया है। बाराबंकी, फिरोजाबाद और चंदौली के जिलाधिकारी को बम से उड़ाने की धमकी का मेल आया है।




### किसानों की आय बढ़ाने के लिए अन्नदाता मिशन मील का पत्थर साबित होगा

**- भाजपा सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है- दर्शन सिंह चौधरी**

भोपाल,(निप्र)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने आज संपन्न मध्यप्रदेश की कैबिनेट बैठक में किसानों की आय बढ़ाने के लिए अन्नदाता मिशन को मंजूरी प्रदान करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है। दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लागू किए जा रहा अन्नदाता मिशन किसानों की आय बढाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में नेशनल डेयरी डेवलमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के साथ मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के मध्य हुए अनुबंध से दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा, जिससे किसानों और पशुपालकों व गौपालकों की आय भी बढ़ेगी।

***अब किसानों की आय बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर कार्य करेगी सरकार***

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर कार्य करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की बताई चार जातियों गरीब, युवा, नारी और अन्नदाता के कल्याण और आर्थिक विकास के लिए भाजपा सरकार लगातार कार्य कर रही है। अन्नदाता मिशन में किसानों व कृषि से संबंधित विभागों जैसे कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, खाद्य-प्रसंस्करण, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की किसानों से संबंधित योजनाओं को समेकित कर किसानों को लाभ दिलाने का कार्य किया जाएगा।

## इस साल मानसून में जमकर बरसेंगे बादल, मौसम विभाग ने जताई संभावना



नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने संभावना जताई है कि इस साल मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा और जून से सितंबर तक खूब बारिश होगी।

आईएमडी के निदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इस साल 2025 में 105 प्रतिशत से अधिक यानी 87 सेंटीमीटर बारिश हो सकती है, जो कृषि के लिए अच्छी होगी।

आमतौर पर 104 से 110 प्रतिशत के बीच बारिश को सामान्य से अच्छा माना जाता है। मानसून पर अल नीनो का प्रभाव नहीं है।मौसम विभाग का कहना है कि इस बार केरल में मानसून 1 जून को समय पर आने की संभावना है। पिछले साल 2024 में यह 2 से 3 दिन पहले आना था, लेकिन लेट हो गया था।

केरल के बाद मानसून दक्षिणी राज्यों में 15 से 25 जून तक पहुंच जाएगा। दिल्ली समेत उत्तर भारत में मानसून के 15 जुलाई तक पहुंचने के आसार हैं। आईएमडी के मुताबिक, बिहार, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर के राज्यों में मानसून थोड़ा कमजोर रहेगा। आईएमडी प्रमुख का कहना है कि देश के कई हिस्सों में तेज गर्मी पड़ रही है और आगे अप्रैल के अंत तक लू परेशान करेगी, जो मई के अंत तक चलेगी। जून की शुरूआत में कहीं-कहीं मानसून पूर्व बारिश हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार अल नीनो का असर मानसून पर नहीं दिखेगा, जिससे अच्छी बारिश होगी और खेती को नुकसान से बचाएगी। आईएमडी के मुताबिक, पिछले 5 साल में अनुमान से अधिक बारिश हुई है।

### पंजाब विजिलेंस का बड़ा एक्शन, 60 हजार रुपए रिश्वत मांगने के आरोप में सिपाही गिरफ्तार

चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाई गई मुहिम के दौरान मंगलवार को सीआईए-2 स्टाफ, अमृतसर में तैनात सिपाही आदर्शदीप सिंह को 60,000 रुपए रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी अमृतसर के एक निवासी द्वारा मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पर दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर की गई है। उन्होंने आगे बताया कि शिकायत के अनुसार आरोपी सिपाही ने अपने पड़ोसी कृष्ण कुमार के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज न करने के बदले 60,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी।शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि उसका पड़ोसी कृष्ण कुमार पहले नशा तस्करी में शामिल था, लेकिन पुलिस की सख्त निगरानी और कार्रवाई के कारण वह सुधर गया और अब वह एक निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहा है।

### ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में दायर किया पहला आरोपपत्र, सोनिया गांधी और राहुल का नाम



नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में अपना पहला आरोपपत्र दायर किया है। इसमें कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का भी नाम शामिल है।

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के तहत कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और अन्य नाम भी शामिल किए गए हैं।कोर्ट ने मामले पर सुनवाई के लिए 25 अप्रैल की तारीख तय की है।2013 में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एक याचिका दायर कर राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर नेशनल हेराल्ड अखबार चलाने वाली कंपनी एजेएल के अधिग्रहण में धोखाधड़ी का आरोप लगाया था।उनका आरोप था कि यंग इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) के जरिए इसका गलत तरीके से अधिग्रहण किया गया और इससे कांग्रेस नेताओं ने 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हथिया ली।



# वनवासी मजदूर भाई-बहनों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रावधान करेंगे कि प्रदेश में निवेश करने वाले उद्योगपति औद्योगिक परिसर में मजदूरों के लिए सुविधाजनक पक्के आवास बनाए मुख्यमंत्री ने किया अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के 7वें अधिवेशन का शुभारंभ



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के 7वें अधिवेशन के शुभारंभ सत्र में सम्बोधित करते हुए कहा कि मजदूर भाई-बहनों की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए भोपाल में विभागों से समन्वय कर काम किया जाएगा। वनवासी भाई-बहनों तथा सभी वर्ग की बेहतरी के लिए कार्य करने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सरकार ने इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4800 मजदूर भाई-बहनों के 224 करोड़ रुपए का बकाया भुगतान करवा दिया है। रतलाम की सज्जन मिल के मजदूरों का बकाया भुगतान भी शीघ्र करवा दिया जाएगा। सरकार की ओर से औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर तलाशने के लिए औद्योगिक निवेश के लिए संभागीय स्तर पर रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगपतियों के साथ अनुबंध किए गये हैं। भोपाल में 9वीं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की गयी। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में प्रदेश में उद्योगों को बढावा देने और रोजगार के अवसर तलाशने के कार्य किए गए हैं। प्रदेश में रोजगारमूलक उद्यम स्थापित करने वाले उद्योगपतियों को जमीन आवंटन, विद्युत बिल में छूट देते हुए 70 प्रतिशत तक सरकार द्वारा सबसिडी दी जाएगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के हित में करेंगे काम, और काम के लेंगे पूरे दाम, यह भारतीय मजदूर संघ का नारा है। सरकार की ओर से देशहित में काम करने वाले मजदूरों को उनका पूरा हक दिया जाएगा। वस्त्र उद्योग में कार्य करने वाले श्रमिकों को प्रति मजदूर 5 हजार रुपए प्रति माह अनुग्रह राशि देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अलीराजपुर क्षेत्र के मजदूर भाई-बहन काम की तलाश में गुजरात राज्य की सूरत स्थित हीरा फैक्ट्री में कार्य पर जाते हैं, इसके लिए अब अलीराजपुर में ही हीरा फैक्ट्री के माध्यम से रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे।गंभीर बीमारी के समय गरीबों/मजदूरों के उपचार के लिये एयर एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से अन्यत्र भेजने की व्यवस्था सरकार द्वारा की जा रही है। गरीबों के उपचार के लिये प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में निजी चिकित्सालयों में भी उपचार की व्यवस्था की गई है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार और झाबुआ जिले में भी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, जिससे वनवासी जिलों में पढ़ाई एवं उपचार की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो सके। सरकार द्वारा गरीब महिला, किसान, युवा सभी वर्गों के लिए प्राथमिकता से काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कौशल उन्नयन योजना अन्तर्गत शिल्पकार, मिस्त्री, बढ़ई सभी वर्गों को रोजगार स्थापित करने में सरकार द्वारा प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मजदूर भाई-बहनों के कल्याण के लिए संबल योजना संचालित है। संबल योजना अन्तर्गत सभी मजदूर भाई-बहन अपना पंजीयन अनिवार्य रुप से करवाएं। योजना में स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास आदि योजनाओं में लाभान्वित किया जा रहा है।




नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्री-परिषद के निर्णय की जानकारी मंत्रालय में दी।

# राज्य स्तरीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा निर्माण के लिये प्रारंभ हुई कार्यशाला



भोपाल (निप्र)। राज्य स्तरीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा निर्माण के लिये 3 दिवसीय कार्य शाला का शुभारंभ मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति के अध्यक्ष अलकेश चतुर्वेदी ने मंगलवार को भोपाल के लेक-व्यू अशोका में दीप प्रज्ज्वलित कर के किया। कार्यशाला में बच्चों का सर्वांगीण विकास, कौशल विकास और आध्यात्मिक और नैतिक शिक्षा जैसे उद्देश्य बिंदुओं पर विचार मंथन के बाद प्राप्त सुझावों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या समिति को प्रेषित किया जाएगा। इसके बाद राज्य की पाठ्यचर्या का निर्माण भी किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये टास्क फोर्स का गठन किया है। कार्य शाला में 11 कार्य समूहों का गठन किया गया है। इसमें राष्ट्रीय पाठ्यचर्या निर्माण समिति के प्रतिनिधि, प्रदेश पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति के सदस्यगण, राज्य शिक्षा केंद्र विषय समन्वयक एवं अन्य सहयोगी संस्थाएं के विषय विशेषज्ञ सहभागिता कर रहे हैं।

# सांसद डॉ लता वानखेड़े ने की मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से सौजन्य भेंट

## -ताशकंद उज़्बेकिस्तान की बैठक के अनुभव किया साझा

भोपाल (आरएनएस)। सांसद डॉ लता वानखेड़े ने सोमवार को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से उनके कार्यालय पहुंचकर सौजन्य भेंट की। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सांसद डॉ लता वानखेड़े का स्वागत एवं अभिनंदन किया। बैठक के दौरान ताशकंद, उज़्बेकिस्तान में आयोजित पांच दिवसीय अंतर संसदीय संघ की बैठक के अनुभव डॉ लता वानखेड़े ने मंत्री श्री राजपूत से साझा किया। श्री राजपूत ने सांसद डॉ लता वानखेड़े को अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर हरिराम सिंह ,रोशन कुर्मी ,उमेश केवलारी,रवि ठाकुर, संजय सिंह बीना,अर्जुन पटेल,अशोक सिंह सेवन आदि उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

# डीपी में आये फॉल्ट से कई घरो में फैला करंट, एक की मौत

## -10 से ज्यादा घरो में फैला कंरट, बाहर निकलते समय दरवाजा पकड़ा था मृतक ने



भोपाल(ए)। पुराने शहर के शाहजहांनाबाद थाना इलाके में स्थित संजय नगर में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब यहॉ लगी बिजली विभाग की डीपी में आये फॉल्ट से शॉर्ट सर्किट हो गया। इसके कारण आसपास के करीब 10 से ज्यादा घरों में करंट फैल गया। उसी दौरान किसी काम से घर से बाहर जा रहे यहॉ रहने वाले सतीश ककोटे (25) ने दरवाजा पकड़ा। यह दरवाजा भी करंट की चपेट में था, और करंट लगने से उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार वालो का कहना है, कि सुबह करीब 7 बजे सतीश ने घर से बाहर निकलते समय दरवाजा पकड़ा तो उसे जोरदार करंट लगा और वह मौके पर ही बेसूध होकर गिर गए। उन्हें फौरन ही अस्पताल पहुंचाया गया जहॉ डॉक्टरो ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं करंट फैलने की घटना में सतीश सहित आसपास के करीब आधा दर्जन मकानो के टीवी, पंखे और कूलर भी जल गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक सतीश के शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है की हादसे के कारणो की जॉच की जा रही है, शुरुआती जॉच में सामने आया है की हादसा डीपी में आये फॉल्ट के कारण हुआ है। वहीं जानलेवा हादसे के बाद लोगों में आक्रोश फैल हुआ है। रहवासियो ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में भी घरों में करंट फैलने की घटनाएं कई बार हो चुकी हैं, लेकिन शिकायत करने पर भी बिजली विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

# डॉ. रचना दुबे ने काटजू चिकित्सालय की नोडल अधिकारी एवं डॉ. बलराम उपाध्याय ने अधीक्षक पद का कार्यभार ग्रहण किया

## अस्पताल का किया निरीक्षण



भोपाल (निप्र)। संचालक आईईसी डॉ. रचना दुबे ने शासकीय कैलाशनाथ काटजू चिकित्सालय, भोपाल में नोडल अधिकारी एवं डॉ. बलराम उपाध्याय ने अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया।संचालक डॉ. रचना दुबे ने अधीक्षक डॉ. बलराम उपाध्याय की उपस्थिति में अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चा वार्ड, महिला वार्ड, स्टोर शाखा, किचिन आदि का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। डॉ. रचना दुबे ने सभी संबंधित नर्सिंग इंचार्जेस के साथ बैठक कर अस्पताल की मौजूदा कार्यप्रणाली, संसाधनों, सेवाओं की स्थिति एवं आवश्यक सुधारों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# ओवरब्रिज बनने से लाखों लोगों को मिलेगी ट्रैफिक की समस्या से राहत : राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती गौर

## आशिमा मॉल से बावड़ि‍या कलां के बीच ओवरब्रिज निर्माण जून से होगा प्रारंभ कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जताई



भोपाल (आरएनएस)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों के साथ गोविंदपुरा क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों में देरी और लापरवाह अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए।राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि आम लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए आशिमा मॉल से बावड़ि‍या कलां के बीच ओवरब्रिज बनाया जाएगा। इसका लाभ रोज आवागमन करने वाले लाखों लोगों को मिलेगा। ओवरब्रिज के निर्माण के लिए इसी सप्ताह टेंडर जारी हो जाएगा और जून महीने में इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने बावड़ि‍या ब्रिज पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने के निर्देश भी दिए हैं, इससे लंबे जाम से रहवासियों को राहत मिलेगी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि भेल क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत के लिए भेल के अधिकारियों के साथ समन्वय कर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी इस कार्य को जल्द पूरा करें। उन्होंने लंबे समय से एमजीएम स्कूल अवधपुरी के करीब बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य में देरी पर कहा कि सड़क के निर्माण कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया। पिपलानी से खजूरी कलां तक 4 किलोमीटर लंबी नाली के निर्माण कार्य को भी बारिश से पहले पूरा करने के भी राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने निर्देश दिए हैं। उन्होंने आनंद नगर से ट्रांसपोर्ट नगर तक बन रही लगभग 5 किलोमीटर की सड़क के अधूरे निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के लिये कहा। बैठक में भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने अधिकारियों को ट्रैफिक सिग्नल के समय को रिव्यू करने को कहा।

# जनता में खुशहाली लाने के लिए बनाए जाएं आनंद ग्राम : निदेशक श्री गंगराड़े

भोपाल (आरएनएस)। राज्य आनंद संस्थान के निदेशक प्रवीण कुमार गंगराड़े ने कहा कि लोगों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए ग्राम स्तर पर अधिक से अधिक आनंद ग्राम स्थापित किए जाएं। उन्होंने यह बात खरगोन में आयोजित आनंद क्लब सदस्यों, आनंदम सहयोगियों एवं आनंदकों की समीक्षा बैठक में कही। निदेशक श्री गंगराड़े ने कहा कि खरगोन जिले में आनंद विभाग की गतिविधियां सराहनीय हैं, लेकिन अभी और संभावनाएं हैं। उन्होंने स्वयं आनंदित रहते हुए दूसरों को भी आनंद संस्थान से जोड़ने की अपील की। विशेष रूप से आनंद, अल्पविराम जैसी गतिविधियों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए हेप्पीनेस वालंटियर्स की भूमिका को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बताया कि राज्य आनंद संस्थान द्वारा आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी भोपाल में आनंद की ओर सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित था। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को एक आनंदमयी जीवन शैली अपनाने के लिये प्रेरित करना रहा। वन विद्यालय झाबुआ में भी आनंद की ओर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मानव मूल्यों पर आधारित जीवन जीने की कला से अवगत कराया गया। चर्चा में यह समझाया गया कि किस प्रकार हम अपने दैनिक जीवन में सजगता, संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर जीवन को तनावमुक्त, शांतिपूर्ण और आनंदमय बना सकते हैं। सत्र में छोटे-छोटे पर्यवेक्षणों के माध्यम से अपने भीतर झांकने और अपने व्यवहार में सुधार लाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से जीवन जीने की प्रक्रिया को गहराई से समझा। राज्य आनंद संस्थान द्वारा शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए पंचगनी, महाराष्ट्र में 22 से 25 अप्रैल तक चार दिवसीय आनंद शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# रासायनिक/औद्योगिक आपदा मॉक अभ्यास के लिए टेबल टॉप एक्सरसाइज 17 अप्रैल को आयोजित

भोपाल (आरएनएस)। राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल (एसडीईआरएफ) के राज्य कमान एवं नियंत्रण केंद्र, भोपाल में 17 अप्रैल को होने वाले रासायनिक/औद्योगिक खतरा मॉक अभ्यास के निष्पादन के लिए एक टेबल टॉप एक्सरसाइज (टीटीईएक्स) आयोजित की गई। टीटीईएक्स की अध्यक्षता श्री अरविंद कुमार, डीजी एसडीईआरएफ भोपाल द्वारा की गई। बैठक में मनीष कुमार अग्रवाल, डीआईजी, एसडीईआरएफ, कर्नल कीर्ति प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव, एनडीएमए, ब्रिगेडियर रवींद्र गुरंग, वरिष्ठ सलाहकार, एनडीएमए, श्री अंकुर मेश्राम, एडीएम भोपाल, श्री लखन सिंह, संयुक्त कलेक्टर भोपाल, श्री बृजेश जायसवाल, वरिष्ठ सलाहकार, एमपीएसडीएमए, विभिन्न लाइन विभागों के नोडल अधिकारी, एमपी पुलिस, अग्नि एवं आपातकालीन सेवाएं और स्वास्थ्य विभाग, एसडीईआरएफ, होमगार्ड, एनडीआरएफ, सेना, वायुसेना के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान, ब्रिगेडियर रवींद्र गुरंग (सेवानिवृत्त), एनडीएमए ने 17 अप्रैल 2025 को होने वाले रासायनिक/औद्योगिक खतरा मॉक अभ्यास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मॉक अभ्यास के सभी पहलुओं, प्रत्येक हितधारक की भूमिका और प्रतिक्रिया, बचाव, निकासी और राहत के लिए सेना, पुलिस, अग्नि और चिकित्सा टीम सहित समग्र कार्य बलों पर प्रकाश डाला।

# श्रमिकों का कल्याण प्रशासनिक नहीं, नैतिक उत्तरदायित्व : श्रम मंत्री श्री पटेल

## मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मण्डल संचालक मण्डल की 62वीं बैठक हुई




भोपाल (आरएनएस)। श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि मंडल की बैठकों में श्रम कल्याण के विषय पर विस्तारसे चर्चा की जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में श्रम कल्याण योजनाएं एवं श्रम कानूनों में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं के बारे में बोर्ड में चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि संबल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की विसंगतियों को दूर करें। मंत्री श्री पटेल मंगलवार को पलाश रेसीडेंसी में मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मण्डल के संचालक मण्डल की 62वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्रम कल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव, अपर सचिव बसंत कुर्रे, कल्याण आयुक्त एस.एस.दीक्षित सहित मंडल के सदस्य, विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि श्रमिकों का कल्याण केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, नैतिक उत्तरदायित्व भी है। हमारी सरकार हर श्रमिक के सम्मान, अधिकार और भविष्य की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले शत-प्रतिशत श्रमिकों को सर्वप्रथम इलेक्ट्रिक वाहन का वितरण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नवीन श्रम कल्याण केंद्रों की डिजाइन भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार की जाए। बैठक में प्रमुख सचिव, श्रम श्री उमराव ने जानकारी दी कि शासन की ओर से मंडल को अंशदान राशि 2 करोड़ से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 12 करोड़ की गई है।

बैठक में मण्डल की 61वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई की पुष्टि की गई एवं मण्डल के वित्तीय बजट वर्ष 2025-26, मण्डल के वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-24 पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया। मण्डल कर्मचारियों की सेवाशर्तों विनियम में अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान किये जाने, म.प्र. श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1982 की धारा 2 (3) (ख) को संशोधित करने, मण्डल के नियमित कर्मचारियों को 7वें वेतनमान के एरियर्स के व्यय भार की स्वीकृति प्रदान की गई, श्रम कल्याण केन्द्र, बुरहानपुर भवन, बुरहानपुर के मरम्मत के लिए व्यय राशि पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

# शहर के बीचों बीच स्थित बेशकीमती सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

## मशीनों की मदद से ध्वस्त किए गए बेजा कब्जे




ग्वालियर (आरएनएस)। सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये जिले में चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत जिला प्रशासन की टीम ने शहर के बीचों बीच स्थित बेशकीमती माफी औकाफ की लगभग 10 हजार वर्गफुट जमीन से मशीनों की मदद से बेजा कब्जे हटवाए। मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर एसडीएम लश्कर नरेन्द्र बाबू यादव के नेतृत्व में गई संयुक्त टीम ने कोटा लश्कर क्षेत्र में यह कार्रवाई की है। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत लगभग 2 करोड़ रूपए आंकी गई है।

एसडीएम नरेन्द्र बाबू यादव ने बताया कि ग्राम कोटा लश्कर स्थित सर्वे क्र.-199 माफी औकाफ की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा पक्के निर्माण कर बेजा कब्जे कर लिए थे। इन बेजा कब्जों को मंगलवार को हटवाया गया। उन्होंने बताया कि इस सर्वे क्र. में लगभग 4 हजार वर्गफुट में पपलू खान द्वारा संचालित किया जा रहा स्टील अलमारी कारखाना, सायरा खान द्वारा लगभग 1800 वर्गफुट क्षेत्र में बनाया गया अवैध मकान, विमला कुशवाह द्वारा 3500 वर्गफुट में बनाई गई बाउण्ड्रीवॉल एवं लगभग एक हजार वर्गफुट में बना एक अवैध मकान मशीनों की मदद से ध्वस्त कराए गए। इस प्रकार कुल 10 हजार वर्गफुट सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। अतिक्रमण हटाने के लिये गई टीम में तहसीलदार लश्कर विनीत गोयल व शिवदत्त कटारे, जनकगंज थाना प्रभारी व पुलिस बल तथा नगर निगम का मदाखलत दस्ता शामिल था।

### "खेतों में फसल अवशेष (नरवाई) ना जलाने की अपील"

झाबुआ (ए.)। जिले के कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में उप संचालक कृषि नगीन रावत द्वारा जिले के किसानो को गेहूँ फसल की कटाई के बाद शेष बचे फसल अवशेष (नरवाई) को ना जलाने की अपील की गई है। नरवाई जलाना पर्यावरण के लिए अत्यन्त हानिकारक है। अत: इसे कतई ना जलावें। गेहूँ की फसल कटाई के लिए हार्वेस्टर आदि का बहुतायत में उपयोग किया जाने लगा है। फलस्वरूप कटाई के उपरान्त खेतों में नरवाई एवं भूसा शेष बचता है। जिन्हें किसान अनुपयोगी समझकर आग लगाकर नष्ट करते है। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है।

**फसल अवशेष के उचित प्रबंधन:-**

उप संचालक कृषि नगीन रावत द्वारा समझाईश दी गई की फसल कटाई उपरान्त खेत में बचे अवशेषो का उचित तरीके से प्रबंधन किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। किसान भाई नरवाई नष्ट करने हेतु रोटावेटर चलाकर नरवाई को बारीक कर मिट्टी में मिलायें जिससे जैविक खाद तैयार होती है। नरवाई से भूसा तैयारकर पशु आहार के रूप में उपयोग करें।

## अंधे कत्ल की सुलझी गुत्थी

### पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

बुरहानपुर (ए.)। दो दिन पूर्व इंदौर इच्छापुर हाईवे आईटीआई कॉलेज के निकट शाहपुर निवासी युवक राहुल की निर्मम हत्या का मामला सामने आया था गुतथी उलझी हुई थी क्योंकि जिस प्रकार निर्मम तरीके से युवक की हत्या की गई थी वह रोंगटे खड़े कर देने वाली थी यह मामला पुलिस के लिए चैलेंज बनकर सामने आया था घटना के तुरंत बाद शिकारपुरा



पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी में अलग-अलग टीम बनाकर इसकी जांच की जा रही थी जिसमें पुलिस को मात्र दो दिनों में ही आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई जांच में हत्या की सुई मृतक राहुल की पत्नी की ओर जा रही थी जो घटना के बाद से ही फरार थी पुलिस ने इसी को ध्यान में रखकर जब जांच की तो पता चला कि प्रेम प्रसंग के चलते राहुल की पत्नी ने ही उसके प्रेमी और उसके दोस्तों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया राहुल की पत्नी ने बाजार जाने के बहाने राहुल को साथ लेकर निकली तथा वापसी में जानबूझकर अपने पैर की चप्पल आईटीआई कॉलेज के निकट गाड़ी से गिरा कर गाड़ी रोकने को कहा गाड़ी रुकते ही प्रेमी के दोस्तों ने राहुल पर हमला कर दिया तथा उसकी हत्या कर दी इस मामले में पुलिस ने चार आरोपीओं भारत उर्फ़ युवराज ललित संतोष तथा मृतक की पत्नी के साथ एक बालक इस प्रकार चार आरोपियों को शिकारपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर अंधे कतल की गुत्थी को सुलझा लिया है जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार पाटीदार ने यहां मीडिया को जानकारी देते हुए बताई है।



ग्वालियर । मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में 122 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, एडीएम टी एन सिंह तथा संयुक्त कलेक्टर सुरेश कुमार बरहादिया व संजीव जैन सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक - एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं

## सॉफ्टवेयर के जरिए स्मार्टमीटर के बिल किए जा रहे दुगने

### बिजली विभाग की स्मार्ट ठगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

जबलपुर, (ए.) । एक बार फिर स्मार्ट मीटर की स्मार्टगिरी के साथ साथ विद्युत विभाग की स्मार्टगिरी भी विवादों के घेरे में है। स्मार्ट मीटरों की एनजीबी सॉफ्टवेयर के जरिए रीडिंग में हेराफेरी कर उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूलने की शिकायतें लगातार सामने आ रही है। पिछले दिनों कांग्रेस द्वारा जबरदस्त आंदोलन छेड़े जाने के खिलाफ कुछ दिन सबकुछ ठीक ठाक चला, फिर हालत ढाक के तीन पात हो गए । कांग्रेस के सह जिला अध्यक्ष एवं बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा की इस मुद्दे को जनहित में कांग्रेस फिर से उठायेगी और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। विद्युत कंपनी की स्मार्ट ठगी कभी भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक बार फिर संज्ञान में आया है कि बिजली कंपनियाँ एनजीबी सॉफ़्टवेयर के जरिए मीटर रीडिंग में हेराफेरी कर उपभोक्ताओं से मनमाना वसूली कर रही हैं।

## भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर किया माल्यार्पण



इन्दौर (ए.) भारत रत्न बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती पर विधानसभा 2 के वार्ड 27 में बजरंग नगर उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर विधायक रमेश मेंदोला तथा सभापति मुन्नालाल यादव के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पार्षद सुरेश कुरवाड़े, नगर महामंत्री सुधीर कोल्हे, सुजान सिंह शेखावत, संतोष चौखंडे, पूर्व एमआईसी सदस्य चंदूराव शिंदे, राजकपूर सुनहरे, बालमुकुंद सोनी, करण सिंह, शरद पवार, संदीप भाउजर, उज्जवल शेंडे, निक्की राय, मंडल अध्यक्ष पिंटू चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष श्रीकांत श्रीवास, राहुल चौकसे, आदित्य पांडे, श्रीकांत दुबे, गुड्डु कुमायूं , कमल सिंह चौहान, पृथ्वी पाल गोरे, पूर्व वार्ड अध्यक्ष अंकेश बरुआ, राहुल ठाकुर, कपिल पाठक, पवन राजोरिया, रवि पारगिर, सुरेश चोपड़कर, विनोद गनगोर, विनोद सुनेर, राजेश मिमरोट, रविन्द्र बागड़े , विजय घुंघराले, पवन पांचाल, छगन सोनी, अभिषेक गुप्ता, पंकज गौर, अजीत चौकसे, पप्पू कौशल, अजय हिड़ऊ, अभिषेक सिंह राठौड़, राकेश चौहान, मोहन लाल सेनी, हरिशंकर बेरछा, श्रीमती दीपा श्रीवास्तव, मोहिनी पांचाल, श्रीमती नीतू भाउजर, श्रीमती संध्या भाउजर, श्रीमती शांता आई म्हात्रे ,महिला मोर्चा भाजपा के नगर ,मंडल ,वार्ड के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं अंबेडकर जी के अनुयाई उपस्थित हुए।

# व्यापार समाचार

## शेयर मार्किट में निवेश करने वालों के लिए अच्छी खबर, आने वाले दिनों में हो सकती है बंपर कमाई

मुंबई ,(आरएनएस)। वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच निफ्टी अगले 12 महीने में 25,521 के स्तर को छू सकता है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। वित्तीय सर्विसेज फर्म पीएल कैपिटल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि छोटी अवधि में हॉस्पिटल, फार्मा, रिटेल, एफएमसीजी, बैंकों, डिफेंस और पावर सेक्टर लीड कर सकते हैं।

ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि नया अनुमान पहले के अनुमान 25,689 से कम है। ब्रोकरेज फर्म को भारत की लंबी अवधि की स्टोरी में विश्वास है और हम उम्मीद करते हैं कि प्रमुख सेक्टर बाजार को मजबूती और सपोर्ट प्रदान करेंगे। पीएल कैपिटल ने रिपोर्ट में कहा कि मजबूत घरेलू संकेतों और नीतिगत सुधारों के समर्थन के कारण वैश्विक झटकों से बाजार उभरने में सफल रहेगा और वृद्धि दर मजबूत रहेगी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि तेजी की स्थिति में इंडेक्स 27,590 और उम्मीद से कम तेजी की स्थिति में इंडेक्स 24,831 तक पहुंच सकता है। 2025 में अब तक निफ्टी में 3.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखने को मिली है। इसकी वजह वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बढ़ना और अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वार बढ़ना है।

निकट भविष्य में, रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि घरेलू अर्थव्यवस्था पर केंद्रित क्षेत्र बेहतर प्रदर्शन करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है, इनमें हॉस्पिटल, घरेलू फार्मा, रिटेल, चुनिंदा एफएमसीजी कंपनियां, बैंक, डिफेंस और बिजली शामिल हैं। आईटी, सीमेंट, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर बिजनेस जैसे क्षेत्रों में भी स्थिर वृद्धि बने रहने का अनुमान है, क्योंकि कंपनियां बदलते माहौल के अनुकूल खुद को ढालना जारी रखेंगी। रिपोर्ट में बताया गया है, वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव, कुछ क्षेत्रों के लिए अल्पकालिक चुनौतियां पैदा कर सकता है। वैश्विक मोर्चे पर, भारत द्वारा यूएसए के साथ एक व्यापार समझौता करने की उम्मीद है, जिसमें ऑटो, कंज्यूमर गुड्स, डिफेंस, तेल और गैस, शराब और टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक डेवलपमेंट हो सकता है।

## एसबीआई ने एफडी ब्याज दरों में की कटौती, 15 अप्रैल से लागू होंगी नई दरें; वरिष्ठ नागरिकों को ज्यादा लाभ!

नई दिल्ली(आरएनएस)। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) की ब्याज दरों में बदलाव की घोषणा की है। नई दरें 15 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगी। बैंक ने सामान्य ग्राहकों और वरिष्ठ नागरिकों दोनों के लिए 1 से 3 साल की अवधि वाली एफडी पर ब्याज दरों में 10 बेसिस प्वाइंट्स की कटौती की है।

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए नई एफडी दरें**

बदलाव के बाद, वरिष्ठ नागरिकों को 1 साल से लेकर 2 साल से कम की अवधि वाली एफडी पर अब 7.20% ब्याज मिलेगा, जो पहले 7.30%था। वहीं, 2 साल से लेकर 3 साल से कम की अवधि वाली एफडी पर ब्याज दर 7.50% से घटकर 7.40% हो गई है। अन्य अवधियों के लिए, वरिष्ठ नागरिकों को 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की एफडी पर 4त्न से लेकर 7.50त्न तक ब्याज दर मिलेगी।

**एसबीआई अमृत कलश योजना फिर से शुरू**

एसबीआई ने अपनी विशेष एफडी योजना अमृत कलश को संशोधित ब्याज दरों के साथ फिर से शुरू किया है। 444 दिनों की इस अवधि वाली योजना में अब सामान्य नागरिकों को 7.05% प्रति वर्ष की ब्याज दर मिलेगी, जो पहले 7.25% थी। वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना में 7.55% प्रति वर्ष की ब्याज दर मिलेगी, जिसमें 50 बेसिस प्वाइंट्स की अतिरिक्त छूट शामिल है।

## पीएफ खाताधारक ध्यान दें! ईपीएफओ ने बदले ये 3 बड़े नियम, करोड़ों लोगों पर असर; जानें पूरी डिटेल




नई दिल्ली (ए.)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने करोड़ों सदस्यों के लिए नियमों में कई अहम बदलाव किए हैं। इन बदलावों का सीधा असर पीएफ खाताधारकों पर पड़ेगा, जिससे वेरिफिकेशन और पीएफ क्लेम जैसी प्रक्रयाएं पहले से ज्यादा आसान हो जाएंगी। आइए जानते हैं इन तीन प्रमुख बदलावों के बारे में।

**1. चेहरे से सत्यापन की शुरुआत**

अब ईपीएफओ सदस्य फेस वेरिफिकेशन यानी चेहरे के सत्यापन के माध्यम से अपना यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (UAN) प्राप्त कर सकते हैं और उससे जुड़ी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने हाल ही में फेस वेरिफिकेशन के जरिए UAN आवंटित करने और उसे सक्रिय करने के लिए अपग्रेडेड डिजिटल सेवाएं शुरू की हैं।

2. उमंग ऐप से UAN बनाना और एक्टिवेट करना हुआ आसान

कर्मचारी अब 'उमंग' मोबाइल ऐप पर आधार फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी का उपयोग करके आसानी से अपना UAN खुद बना सकते हैं। नियोक्ता भी नए कर्मचारियों के लिए इसी तकनीक का उपयोग करके उमंग ऐप के जरिए UAN बना सकते हैं। जिन सदस्यों का UAN पहले से बना हुआ है लेकिन सक्रिय नहीं है, वे भी अब उमंग ऐप के माध्यम से इसे आसानी से एक्टिवेट कर सकते हैं।

**3. ऑनलाइन PF क्लेम हुआ सरल, ये दो शर्तें खत्म**

ईपीएफओ ने पीएफ खाते से ऑनलाइन पैसे निकालने की प्रक्रिया को भी सरल बना दिया है। अब ऑनलाइन क्लेम करते समय सदस्यों को अपने बैंक खाते के रद्द किए गए चेक या पासबुक की स्कैन कॉपी अपलोड करने की आवश्यकता नहीं होगी। पहले यह अनिवार्य था। इसके साथ ही, क्लेम के समय सदस्य द्वारा दिए गए बैंक खाते के विवरण को नियोक्ता द्वारा अनिवार्य रूप से स्वीकृत या सत्यापित करने की शर्त भी हटा दी गई है। ईपीएफओ के अनुसार, इन दो शर्तों को खत्म करने का उद्देश्य सदस्यों के लिए 'जीवन की सुगमता' और नियोक्ताओं के लिए 'कारोबारी सुगमता' को बढ़ावा देना है। इन नए नियमों से उम्मीद है कि ईपीएफओ सदस्यों को अपने पीएफ खाते से संबंधित कार्यों को पूरा करने में कम समय लगेगा और प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक होगी।

## सोने का भाव पहुंच सकता है 1,30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम, जानिए गोल्डमैन सैक्स का ये नया अनुमान

नई दिल्ली(आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में टैरिफ के चलते मचे उथल-पुथल के बीच लगातार सोने की कीमतों में भारी इजाफा देखा जा रहा है। सोने के बढ़ते दामों को लेकर गोल्डमैन सैक्स ने बड़ी भविष्यवाणी



की है। ट्रेड वॉर के कारण सोने की कीमतें और बढ़ सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ये कीमतें 4,500 डॉलर प्रति औंस तक जा सकती हैं। इस हिसाब से सोना 1.30 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच सकता है। फिलहाल अभी सोने का भाव 3,247 डॉलर प्रति औंस है। इस तरह कीमतों में लगभग 38 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है। गोल्डमैन सैक्स ने अमेरिकी-चीन व्यापार युद्ध और मंदी की आशंकाओं को देखते हुए यह अनुमान लगाया है। विदेशी निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स का कहना है कि अगर हालात बहुत खराब होते हैं तो 2025 के अंत तक सोने की कीमतें 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती हैं। इसके अलावा, उसका यह भी कहना है कि सामान्य स्थिति में भी सोने की कीमतें 2025 के अंत तक 3,700 डॉलर प्रति औंस तक बढ़ सकती हैं। गोल्डमैन सैक्स ने 2025 के अंत के लिए सोने के टारगेट में तीसरी बार बदलाव किया है। इससे पहले, इस विदेशी बैंक ने सोने की कीमत का टारगेट 3,300 डॉलर प्रति औंस तय किया था। विदेशी फर्म का कहना है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध बढ़ने के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इसलिए, मंदी से बचने के लिए सोने की मांग बढ़ गई है।

## अमेरिकन टेक फर्म यूएसटी ने भारत में किया विस्तार, बेंगलुरु में खोला नया ऑफिस

बेंगलुरु ,(आरएनएस)। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली अमेरिकी कंपनी यूएसटी ने मंगलवार को कहा कि कंपनी ने बेंगलुरु में नया ऑफिस खोला है। यह शहर में कंपनी का चौथा ऑफिस है, जिसमें 300 लोगों के बैठने की क्षमता है।

यूएसटी ने 2012 में बेंगलुरु में अपना परिचालन शुरू किया था और वर्तमान में यह शहर इसका दूसरा सबसे बड़ा ग्लोबल डिलीवरी सेंटर है, जिसमें 6,500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जो सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य सेवा, टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक्स, हाई-टेक, रिटेल और बीएफएसआई में नए समाधान प्रदान करते हैं।

बेंगलुरु के सेंटर हेड, किरणकुमार डोरस्वामी ने कहा, नई सुविधा का उद्घाटन भारत में यूएसटी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। शहर के प्रमुख टेक हब में सैटेलाइट कार्यालयों के साथ, हमारा लक्ष्य अपने कर्मचारियों को उनके घरों के करीब सुविधाजनक कार्यस्थल प्रदान करना है, जिससे यात्रा की थकान कम हो और उन्हें इनोवेशन और उत्पादकता पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाया जा सके।उन्होंने आगे कहा, यह विस्तार हमारे ग्राहकों के लिए हाई-वैल्यू सॉल्यूशंस प्रदान करते हुए एक गतिशील और कर्मचारी-केंद्रित कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है।

यूएसटी भारत भर में अपना विस्तार जारी रखे हुए है। साथ ही, डिजिटल परिवर्तन और टेक्नोलॉजी सेवाओं में वैश्विक अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत कर रहा है।

# शेयर बाजार भारी तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 1578 , निफ़्टी 500 अंक ऊपर आया



मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी तेजी के साथ बंद हुआ । बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आया है। अमेरिकी राष्ट्रति डोनाल्ड ट्रंप के 75 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाये जाने पर अस्थाई रोक के बाद अमेरिकी बाजारों में तेजी आई । इसका सकारात्मक असर भारतीय बाजारों पर भी पडा। । एचडीएफसी बैंक , आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय एयरटेल जैसे शेयर ऊपर आये।दिन भर के कारोबार के बाद 30 तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 1577.63 अंक करीब 2.10 फीसदी की तेजी के साथ 76,734.89 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में यह 500 अंक तकरीबन 2.19 फीसदी ऊपर आकर 23,328.55 पर बंद हुआ।इस दौरान निवेशकों की सपत्ति में भी काफी बढ़त रही। कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़कर 412,29,007 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं शुक्रवार को यह 402,34,966 करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों की संपत्ति करीब 10 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।बाजार में तेजी का सबसे बड़ कारण ट्रंप की उस टिप्पणी को माना जा रहा है। इसमें उन्होंने ऑटोमोबाइल सेक्टर को टैरिफ से अस्थायी राहत देने की बात कही। ट्रंप ने कहा कि "ऑटोमोबाइल कंपनियों को कनाडा, मैक्सिको और अन्य जगहों से संयंत्र दूसरी जगह ले जाने के लिए समय चाहिए।" आज अधिकर हेवीवेट शेयरों में भी बढ़त रही। इनमें एचडीएफसी बैंक , आईसीआईसीआई, एलएंडटी, रिलायंस इंडस्ट्री, भारती एयरटेल, एमएंडएम, एक्सिस बैंक और टाटा मोटर्स जैसे शेयर शामिल हैं। इसके अलावा वैश्विक बाजारों में भी ट्रंप की टिप्पणी के बाद सकारात्मक माहौल रहा। जापान का निकेई इंडेक्स 1 फीसदी ऊपर था, ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.37फीसदी ऊपर आया और हांगकांग के हेंगसेंगे इंडेक्स में 0.2 फीसदी की तेजी रहीवहीं वॉल स्ट्रीट पर डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.78 फीसदी बढ़कर 40,524.79 पर बंद हुआ। नैस्डैक कंपोजिट 0.64 फीसदी उछलकर 16,831.48 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 0.79 फीसदी बढ़कर 5,405.97 पर बंद हुआ। हालांकि, वॉल स्ट्रीट फ्यूचर्स कम कारोबार कर रहा था।

# सम्पादकीय


**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## आप हमारे अपने

नक्सलियों से गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आप हमारे अपने हैं। हथियार डाल कर मुख्यधारा में शामिल हों। जब कोई नक्सली मारा जाता है, तो कोई भी खुश नहीं होता। दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम महोत्सव में समापन समारोह में शाह ने कहा कि मार्च, 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। नक्सलमुक्त घोषित गांवों को एक करोड़ रुपये की विकास निधि देने तथा नक्सलियों की सुरक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था सरकार द्वारा सुनिश्चित करने की बात भी उन्होंने की। शाह के बस्तर प्रवास के दरम्यान छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों ने हैदराबाद में सामूहिक समर्पण किया जिनमें बीस नक्सल महिलाएं भी शामिल हैं।

पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गांव से 1967 में शुरू किसानों के विद्रोह को नक्सलवाद कहा गया। इसमें शामिल लोगों को नक्सलवादी या नक्सल कहा जाने लगा। इन्हें मुख्यतया वामपंथी आंदोलनों से जोड़ा जाता है जो माओवादी राजनीतिक विचारधारा का पालन करते हैं। सरकार के अनुसार देश में नक्सल प्रभावित जिले सत्रह से घट कर छह रह गए हैं। छत्तीसगढ़, तेलंगाना, झारखंड और ओडिशा में इनकी जड़ें फैली हुई हैं। बिहार के विभिन्न जिलों को नक्सलमुक्त घोषित किए जाने के बावजूद अभी भी दस जिलों में इनका प्रभाव है। सरकार के प्रति नाराजगी और बुनियादी जरूरियात की मांग को लेकर ये उग्र प्रदर्शन करते रहे हैं। पिछले दिनों नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने पर्चा जारी करके सरकार से युद्धविराम की मांग की। नक्सल प्रभावित इलाकों के नौजवान अब बेहतर शिक्षा और रोजगार की तलाश में अपना वक्त लगाना बेहतर मान रहे हैं।

जान बचाने के लिए घने जंगलों में भटकने या सुरक्षा बलों का निशाना बनने को वे राजी नहीं हो रहे। गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग लेकर हथियारबंद लड़ाकों को लगातार रिहाइशी इलाकों की तरफ जाने से रोका जा रहा है। दशकों से चले आ रहे इस सशस्त्र वामपंथी आंदोलन को नेस्तनाबूद करने को दृढ़संकल्पित केंद्र सरकार सफल होती दिख रही है। हालांकि ग्रामीण और बीहड़ इलाकों तक विकास, सड़कें, विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही रोजगार के साधनों की ठोस व्यवस्था ही नौजवानों को मतिभ्रम से दूर रख सकती है। मात्र ओजस्वी भाषणों के भरोसे उनके आवेग/गुस्से को रोका जाना मुश्किल है।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता और झामुमो प्रमुख और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के साथ रांची में पार्टी के सम्मेलन में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं।

# कांग्रेस को 10 में से 10 नंबर दिए जा सकते हैं

**अजीत**

अगर कोशिशों के लिए नंबर देना हो तो कांग्रेस को 10 में से 10 नंबर दिए जा सकते हैं। कुछ समय पहले तक वह कोशिश भी नहीं कर रही थी। लेकिन अब पार्टी संगठन को बदलने और उसमें जोश भरने की गंभीर कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेतृत्व के बारे में धारणा बदलने की कोशिश हो रही है। पार्टी को नए समय की चुनौतियों और राजनीतिक मुद्दों के मुताबिक ढालने की कोशिश भी चल रही है। पुरानी विरासत को हासिल करने का प्रयास भी हो रहा है और सबसे ऊपर कांग्रेस का स्वंतत्र अस्तित्व स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। कामयाबी की संभावना अभी नहीं दिख रही है लेकिन व्यक्ति के जीवन की तरह ही राजनीति में भी कई बार बहुत नजदीक की चीजें नहीं दिखाई देती हैं। इसलिए कांग्रेस की कोशिशों का क्या हासिल होगा उसके बारे में समय बताएगा।

यह कहना बहुत आसान है कि कांग्रेस लड़ना या जीतना भूल गई है या कांग्रेस की मारक क्षमता कम हो गई या नरेंद्र मोदी से मुकाबले के लिए उसके पास कोई नेतृत्व नहीं है या कांग्रेस के अखिल भारतीय संगठन का ढांचा चरमराया हुआ है। हकीकत यह है कि इसके बावजूद कांग्रेस लड़ रही है, लगातार पराजय और विपरीत परिस्थितियों के बाद भी कांग्रेस नेतृत्व मैदान में टिका है और सब कुछ ठीक करने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस व राहुल की असफलताओं पर विचार करने से पहले यह ध्यान रखना चाहिए कि उसका प्रतिद्वंद्वी कितना शक्तिशाली है और और वह क्या क्या कर सकता है!

सो, गुजरात के अहमदाबाद में मंगलवार, आठ अप्रैल से होने जा रहे दो दिन के कांग्रेस अधिवेशन के बहाने कांग्रेस की कोशिशों पर चर्चा करने की जरुरत है। कांग्रेस सबसे पहले तो अपनी विरासत को हासिल करने का प्रयास कर रही है। असल में 2014 में कांग्रेस जितनी बुरी तरह से हारी वह उसके लिए बहुत बड़ा झटका था। हारना कांग्रेस के लिए कोई नई बात नहीं थी लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि पार्टी 44 सीट पर सिमट जाएगी। इतनी बुरी तरह से हारने की वजह से उसको संभलने में इतना समय लगा है। इस अवधि में वह पूरी तरह से सदमे में रही। कोई नया आइडिया तो पार्टी के पास नहीं ही था वह पुरानी विरासत भी भूल गई और भाजपा ने इसका फायदा उठाया। उसने कांग्रेस के महापुरुषों को अपना बना कर कांग्रेस की साख बिगाड़ी।

प्रधानमंत्री के दावेदार के तौर पर चुनाव लड़ रहे नरेंद्र मोदी ने मदन मोहन मालवीय के परिजनों को अपना प्रस्तावक बनाया। उसने पंडित मदन मोहन मालवीय से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, लालबहादुर शास्त्री और यहां तक कि महात्मा गांधी को भी अपना बताना और बनाना शुरू कर दिया। वास्तविकता यह है कि इनमें से लगभग सभी लोग भाजपा के पूर्ववर्ती संगठन और आरएसएस दोनों के विचारों के घनघोर विरोधी रहे हैं। अब जाकर कांग्रेस संभली है तो उसने अपनी विरासत हासिल करने का प्रयास शुरू किया है।



कांग्रेस अपने दो दिन के अधिवेशन के पहले दिन आठ अप्रैल को अहमदाबाद के शाहीबाग में स्थित सरदार पटेल मेमोरियल में कार्य समिति की बैठक करेगी। दूसरे दिन नौ अप्रैल को साबरमती के किनारे कांग्रेस अधिवेशन का मुख्य कार्यक्रम होगा। कांग्रेस 61 साल के बाद गुजरात में अधिवेशन कर रही है और यह संयोग नहीं है कि इस साल सरदार पटेल की डेढ़ सौवीं जयंती मनाई जा रही है। सरदार की डेढ़ सौवीं जयंती पर कांग्रेस ने गुजरात में अधिवेशन का फैसला किया तो इसका कहीं न कहीं यह अर्थ है कि वह सरदार पटेल की विरासत को वापस हासिल करना चाहती है। कांग्रेस के बाद के नेताओं ने खास कर माधव सिंह सोलंकी ने कांग्रेस को खाम (केएचएएम) यानी क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी, मुस्लिम की राजनीति में समेटा था। इसका कुछ लाभ तो पार्टी को मिला लेकिन उसके बाद जब हार का सिलसिला शुरू हुआ तो यह समीकरण काम नहीं आया। अब कांग्रेस इस समीकरण से बाहर निकल कर आजादी के बाद के सबको साथ लेकर चलने के समीकरण पर काम कर रही है। विरासत वापस हासिल करने की कोशिश कांग्रेस ने पिछले साल दिसंबर के अंत में बेलगावी अधिवेशन से शुरू की। महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने की शताब्दी पूरी होने पर बेलगावी में कांग्रेस ने अधिवेशन किया। गौरतलब है कि महात्मा गांधी 1924 में बेलगावी में ही कांग्रेस अध्यक्ष बने थे और सिर्फ एक साल ही अध्यक्ष रहे थे। उस ऐतिहासिक घटना को कांग्रेस ने बड़े ऐहतराम के साथ याद किया।

गठबंधन की राजनीति का दौर शुरू होने के बाद कांग्रेस स्वतंत्र राजनीति का रास्ता भूलती गई है। जहां वह सत्ता से बाहर हुई वहां उसके नेताओं ने किसी प्रादेशिक पार्टी का कंधा पकड़ लिया और उस पर सवार हो गई। इसमें कांग्रेस नेतृत्व की भी भूमिका रही है लेकिन इसका नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस की जमीन लगातार सिमटती गई। पहले जो एक राज्य की परिघटना थी वह अब कई राज्यों की हो गई है। कांग्रेस 1967 में तमिलनाडु की सत्ता से बाहर हुई तो पिछले 58 साल से उसका मुख्यमंत्री नहीं बना। पश्चिम बंगाल में 47 साल से कांग्रेस का मुख्यमंत्री नहीं बना। हिंदी हर्टलैंड यानी उत्तर प्रदेश और बिहार में 34 साल से कांग्रेस का कोई मुख्यमंत्री नहीं बन पाया है। गुजरात में 30 साल से कांग्रेस का मुख्यमंत्री नहीं बना है। बिहार से अलग होकर बने झारखंड में तो 25 साल के इतिहास में कांग्रेस का कोई मुख्यमंत्री ही नहीं बन पाया।

जिस तरह कांग्रेस तमिलनाडु में डीएमके और अन्ना डीएमके पर आश्रित होती गई उसी तरह उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में अलग अलग सहयोगियों पर निर्भर हो गई। हाल की दिनों तक कांग्रेस जहां सत्ता में थी वहां से भी सत्ता से बाहर हुई है तो वापसी की संभावना लगातार क्षीण होती जा रही है। महाराष्ट्र में लगातार तीसरी बार भाजपा और उसका गठबंधन जीता है तो हरियाणा में भी भाजपा तीसरी बार जीती है। उत्तराखंड और केरल में भी पांच साल में सत्ता बदलने का इतिहास नहीं दोहराया गया और कांग्रेस लगातार दूसरी बार सत्ता से बाहर रही। दिल्ली और असम में कांग्रेस क्रमशः 2013 और 2016 में सत्ता से बाहर हुई तो वापसी की संभावना नहीं दिख रही है। आंध्र प्रदेश में कांग्रेस लगातार तीन चुनावों से शून्य पर है। उसका कोई सांसद या विधायक नहीं जीत रहा है।

कांग्रेस इस स्थिति को बदलने के प्रयास कर रही है। ऐसा दिख रहा है कि वह स्वतंत्र राजनीति के रास्ते पर चल रही है। हालांकि यह प्रयास भी इतना ढीला ढाला है कि इससे भी कुछ हासिल की संभावना कम से कम अभी नहीं दिख रही है। दिल्ली के चुनाव में कांग्रेस ने जोखिम लेकर अकेले चुनाव लड़ा। लगातार तीसरे चुनाव में भी उसका खाता नहीं खुला लेकिन आम आदमी पार्टी के चुनाव हार जाने से कांग्रेस वापसी की संभावना बनी है।

ऐसे ही बिहार में कांग्रेस ने स्वतंत्र राजनीति शुरू की है। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता है कि वह अकेले चुनाव लड़ेगी लेकिन अगर पार्टी हर जिले में अपना संगठन खड़ा करने में भी कामयाब हो जाती है तो आगे की राजनीति उसके लिए थोड़ी आसान होगी।

स्वतंत्र राजनीति के रास्ते पर चलने के लिए राहुल गांधी अपनी टीम बना रहे हैं। यह उनकी हिम्मत है कि 2009 में अपनी बनाई टीम के सदस्यों से धोखा खाने के बाद वे फिर से प्रयास कर रहे हैं। इस बार वे बड़े नेताओं के बेटे, बेटियों को आगे करने की बजाय दूसरी पृष्ठभूमि के लोगों को आगे कर रहे हैं। के राजू और कृष्णा अलवरू जैसे अराजनीतिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को बढ़ाया जा रहा है तो कांग्रेस संगठन में दशकों से जमे नेताओं को हटा कर नए चेहरे लाए जा रहे हैं।

# वार्ता के बहाने संघर्षविराम

**हरिशंकर व्यास**

उग्र वामपंथी यानी माओवादियों संगठनों के बहुत बुरे दिन है। केंद्र सरकार ने ऐलान किया है कि अगले साल मार्च तक पूरे देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के बस्तर और दंतेवाड़ा में यह बात कई बार कही है। उनके इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सुरक्षा बल कार्रवाई भी कर रहे हैं।

'ऑपरेशन कगार' चल रहा है, जिसके तहत लगातार नक्सली मारे जा रहे हैं। तभी पिछले दिनों प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी की ओर से शांति वार्ता का प्रस्ताव दिया गया। सीपीआई माओवादी के प्रवक्ता अभय की ओर से दो अप्रैल 2025 को एक चिट्ठी जारी की गई, जिसमें कहा गया कि पिछले कुछ समय में संगठन को चार से ज्यादा सदस्य मारे जा चुके हैं। सरकार का जैसे अभियान चल रहा है उसमें ज्यादा समय तक टिके रहना संभव नहीं दिख रहा है।

संगठन को जो वैचारिक समर्थन बौद्धिक जमात से मिलता था वह लगभग बंद हो चुका है। केंद्र सरकार ने किसी न किसी बहाने ऐसे बौद्धिकों को अरबन नक्सल बता कर उन पर कार्रवाई की। उन्हें गिरफ्तार करके जेल में डाला। सो, बाहर से मिलने वाला बौद्धिक, वैचारिक और नैतिक समर्थन की कड़ियां टूट गई हैं। अब जमीन पर लड़ाई में भी सुरक्षा बल नक्सलियों को समाप्त कर रहे हैं। तभी सशर्त वार्ता की पहल की गई।

लेकिन सरकार अभी न तो नक्सल प्रभावित इलाकों से सुरक्षा बलों को हटाने जा रही है और न युद्धविराम करने जा रही है। क्योंकि पिछले अनुभवों से सरकार को पता है कि वार्ता के बहाने संघर्षविराम करा कर नक्सल संगठन अपनी ताकत इकट्ठा करते हैं। पहले जितनी बार वार्ता हुई उनमें कोई कामयाबी नहीं मिली। याद करें ऐसे ही 1999 से 2004 के बीच चंद्रबाबू नायडू की ग्रेहाउंड्स टीम ने नक्सलियों पर कार्रवाई की थी तो उन्होंने वार्ता की पेशकश की और कई दिन तक वार्ता की तैयारी हुई। कई दिन तक वार्ता होती भी रही लेकिन कोई रास्ता नहीं निकला।

देश की सबसे पुरानी कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई को अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कहीं डीएमके, कहीं राजद, कहीं जेएमएम, कहीं कांग्रेस, कहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस की मदद से पार्टी का लोकसभा और विधानसभाओं में खाता खुल जा रहा है। उसकी स्थिति क्षेत्रीय पार्टियों से भी खराब है।

तभी उस पर दबाव है कि वह अपना विलय सीपीएम के साथ कर दे। पिछले दिनों प्रकाश करात ने सभी कम्युनिस्ट पार्टियों के साथ आने की अपील की थी। सीपीआई की दुविधा अकेले रहने, गठबंधन में लड़ने या विलय कर देने की है। सीपीआई की ताकत जितनी कम हो गई है उसमें पार्टी चलाना भी मुश्किल है। बहरहाल, इस बार बिहार में वह अकेले लड़ने का दांव चल रही है या इसका हल्ला मचा कर कुछ ज्यादा सीटें हासिल करना चाह रही है।ध्यान रहे बिहार में सीपीआई माले के 12 विधायक हैं और सीपीआई और सीपीएम के दो दो विधायक हैं। पुरानी ताकत सीपीआई की ही रही है। लेकिन अब वह पूरी तरह से दूसरी पार्टियों पर निर्भर हो गई है।




मेष राशि : आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी परिस्थितियां पहले से अनुकूल रहेंगी। व्यापारिक क्षेत्र में आपको मेहनत से आज अधिक लाभ होगा। आज महत्वपूर्ण काम पूरा होने के योग हैं। आज आपको अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसका सकारात्मक असर आपके व्यक्तित्व पर पड़ेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपका छुपा टैलेंट लोगों को पता चलेगा। आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बीतने से मानसिक सुकून मिलेगा। व्यापार में आज आपको किसी अनुभवी व्यक्ति का साथ मिलेगा। आज घर में सुख-शांति का माहौल रहेगा। लवमेट के साथ कहीं घूमने जाएंगे।

मिथुन राशि : आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज बिजनेस में काम करने के तरीकों में बदलाव संबंधी नीतियों पर गंभीरता से विचार करेंगे। नई कार्य प्रणाली संबंधी योजनाएं सफल रहेंगी। नौकरी में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी। प्रमोशन की खबर मिलने के योग हैं। आज आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

कर्क राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज अधूरे कामों पर ज्यादा ध्यान देंगे। कार्यक्षेत्र में बदलाव करने की सोच रहे हैं तो वास्तु के नियमों का ध्यान रखेंगे। आज ऑफिस में अपना कार्य समय पर निपटा लेंगे। आज जीवनसाथी और परिवार वालों में आपसी तालमेल रहेगा। आज आप किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देने जाएंगे जिसमें आपको सेलेक्ट कर लिया जाएगा।

सिंह राशि : आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जरूरत है। इससे काम करने के तरीकों में सुधार होगा। हर काम अपनी देखरेख में ही करवाएं। ऑफिस में कुछ लोग आपकी उन्नति से जलन की भावना रख सकते हैं। आज मन मुताबिक तरीके से सभी काम निपटाते जाएंगे।

कन्या राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी भी फोन कॉल को नजरअंदाज न करें, आपको विशेष सूचना मिल सकती हैं। करीबी इंसान की मदद करके आपको खुशी मिलेगी। घर की व्यवस्था को उचित बनाने में आपकी कोशिश कामयाब रहेगी। आज परिवार के साथ किसी उत्सव में जाने का मौका मिलेगा। आज ऑफिस में टीम वर्क से बेहतर नतीजे मिलेंगे। काफी दिनों बाद आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। आज उनके प्रति लगाव बढ़ेगा।

तुला राशि : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपनी योजनाओं को व्यवस्थित करेंगे। दूसरों की बजाय अपनी खूबियों पर भरोसा रखेंगे, आपको फायदा मिलेगा। जीवनसाथी के साथ भावनात्मक रिश्ते मजबूत होंगे। परिवार के साथ मनोरंजन और घूमने में कुछ समय बीतेगा। आज आपको अपनी इच्छा शक्ति के साथ अपनी भावनाओं में भी सुधार लाने की जरूरत है।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। आज बिजनेस के काम करने के तरीके का जिक्र दूसरे से न करें। नौकरी या बिजनेस में महत्वपूर्ण फैसला आज न लें। स्टूडेंट्स को किसी प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज परिवार के लोग साथ में समय बिताएंगे। लवमेट के साथ मुलाकात का मौका मिलेगा।

धनु राशि : आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आज बातचीत करते समय ऐसे शब्दों का इस्तेमाल न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। आज बीती हुई पुरानी बातों को खुद पर हावी न होने दे। ध्यान और मेडिटेशन से आप मानसिक तौर पर स्वस्थ रहेंगे। आज किसी रिश्तेदार को दिए रुपए आपको वापस मिलेंगे। सोचे हुए कार्यों में उनका इस्तेमाल करेंगे।

मकर राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज मीडिया, मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़े लोगों के लिए सफलता का समय है। नौकरी कर रहे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। आज स्वभाव में लचीलापन लाएं। आपकी जिद्द से पारिवारिक समस्या बढ़ेगी। छात्र अपनी तैयारी जम कर करें, जल्द अच्छे अंक हासिल होंगे। आपके वेतन में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आपके काम समय मुताबिक पूरे होते जाएंगे। पूरे आत्मविश्वास से कोशिश करते रहें। वाहन खरीदने की योजना है तो दिन शुभ है। व्यस्तता के बावजूद रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ समय बीतेगा। आज किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपने आत्मविश्वास और आत्म सम्मान को कम न होने दें। असमंजस में विश्वसनीय लोगों से सलाह-मशवरा करें।

मीन राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज फैशन डिजाइनर्स का दिन बेहतर रहेगा। आज ऑनलाइन बड़ा ऑर्डर मिलेगा। आज कहीं रुका हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। गलतियों से सीख लेकर अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को परीक्षा में अच्छे नतीजे मिलेंगे।

# अमेरिका ईरान के बीच मस्कट में न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता संपन्न -19 अप्रैल 2025 को फ़िर बैठक

**-किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर चल रही अशांति, युद्ध,बम गोला बारूद के बीच रूस-यूक्रेन इजरायल- गाजा में युद्ध व लेबनान सीरिया व यमन में अशांति के बीच एक सकारात्मक पहलू हुआ कि ओमान की राजधानी मस्कट में ईरान अमेरिका के बीच न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता हुई, जिसे ईरान ने अप्रत्यक्ष वार्ता बताया तोअमेरिका ने प्रत्यक्ष बताया जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। लंबे समय से दुश्मन रहे ईरान और अमेरिका शनिवार (12 अप्रैल, 2025) को मस्कट में संभावित परमाणु समझौते पर पहुंचने के उद्देश्य से वार्ता किए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार (7 अप्रैल, 2025) को चौंकाने वाली घोषणा की थी। परंतु मेरा मानना है कि दुनियाँ के हर देश को वैश्विक शांति के लिए ज़रूरत के अनुसार चार कदम पीछे हटना चाहिए व पावर दिखाने वाले देशों को भी नम्र होकर शांति समझौते करना समय की मांग है। चूँकि अमेरिका ईरान के बीच मस्कट में न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता हुई,जो 19 अप्रैल 2025 को फिर बैठने का निर्णय लिया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने,कूटनीति को सद्भावना, सहयोग, मुद्दे सुलझाने के संकल्प कर सकारात्मक नतीजे के अंजाम तक लाना जरूरी है। बता दें यह पूरी जानकारी मीडिया में अपडेट्स के सहयोग से उठाई गई है। साथियों बात अगर हम मस्कट में 12 अप्रैल 2025 को हुई वार्ता की करें तो,ईरान और अमेरिका के दूतों ने शनिवार को ओमान में तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू की। हालांकि तत्काल कोई समझौता होने की संभावना नहीं थी,लेकिन दोनों देशों के बीच आधी सदी से चली आ रही दुश्मनी के कारण बातचीत में बहुत कुछ दांव पर लगा हुआ है। हाल के दिनों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को धमकी दे रहे हैं कि अगर वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ आम सहमति बनाने में विफल रहता है तो वह ईरान को ऐसा करने से रोकेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए तेहरान पर हमला करने की धमकी दी है, यदि समझौता नहीं हुआ,इसपर ईरान ने चेतावनी दी है कि वह हथियार स्तर के करीब संवर्धित अपने यूरेनियम भंडार के साथ परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर सकता है। ईरान ने वार्ता को अप्रत्यक्ष बताया,ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा,ये वार्ता ओमानी मेजबान द्वारा नियोजित स्थान पर होगी, जिसमें इस्लामी गणराज्य ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधि हॉल और किनारों में बैठेंगे, तथा ओमानी विदेश मंत्री के माध्यम से एक-दूसरे को अपने विचार और स्थिति से अवगत कराएंगे, जबकि ट्रंप और विटकॉफ दोनों ने वार्ता को प्रत्यक्ष बताया है, ईरानी पक्ष इसे अप्रत्यक्ष वार्ता कहता है।लेकिन दोनों दलों के बीच सीधी वार्ता नहीं हो रही है।दोनों दल अलग- अलग कमरों में बैठे हैं और वे ओमान के विदेश मंत्री के जरिये वार्ता कर रहे हैं। यह जानकारी ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर दी है।

साथियों बात अगर हम ईरान अमेरिका वार्ता के बैकग्राउंड की करें तो,अमेरिका-ईरान के बीच तनाव गहराता जा रहा है। इस बीच ईरान की शनिवार को अमेरिका के साथ ओमान में बातचीत हुई है। ओमान में हुई इसी बैठक को लेकर ईरान ने बड़ा बयान दिया था। विदेश मंत्री ने कहा था कि ईरान ईमानदारी से न्यूक्लियर डील को अंतिम रूप देने के इरादे से बातचीत में शामिल होने को तैयार है, लेकिन साथ ही उन्होंने साफ किया कि ये वार्ता सीधी नहीं बल्कि अप्रत्यक्ष होगी, और अमेरिका को पहले ये मानना होगा कि सैन्य विकल्प कोई विकल्प नहीं है,हाल ही में अमेरिका केराष्ट्रपति ने ईरान को न्यूक्लियर डील पर बातचीत कहने को कहा था और साथ ही धमकी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो ईरान को बमबारी का सामना करना पड़ेगा। ट्रंप की चेतावनी थी, बात नहीं बनी तो भुगतना होगा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइली प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान वार्ता का खुलासा करते हुए चेतावनी दी थी कि अगर बातचीत नाकाम रही, तो ईरान के लिए ये बहुत बुरा दिन होगा। ईरान के विदेश मंत्री ने वॉशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित एक लेख में लिखा है कि हमारा देश गर्वित है, और दबाव या धमकी के आगे नहीं झुकेगा, उन्होंने कहा कि अमेरिका अगर ईमानदार है, तो उसे साबित करना होगा कि वह डील को निभाएगा, ईरान कभी भी परमाणु हथियारों की दिशा में नहीं बढ़ा, लेकिन हम अपनी मंशा को लेकर स्पष्टीकरण देने को तैयार हैं।

साथियों बात अगर हम ईरान अमेरिका तनाव में इजरायल की एंट्री की करें तो, ईरान अमेरिका के बीच चल रही तनातनी में अब ईजराइल ने भी एंट्री मार ली है। दरअसल इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा है कि वह ईरान के लिए लीबिया जैसा मॉडल चाहते हैं, जहां अमेरिका खुद जाकर परमाणु स्थलों को खत्म करे, उन्होंने कहा है कि अगर अमेरिका के साथ ईरान की बात नहीं बनी, तो सैन्य कार्रवाई तय है। ईरान की दो टूक न डील खत्म करेंगे, न झुकेंगे ईरानी अधिकारियों ने बीबीसी को बताया कि वे अपने परमाणु कार्यक्रम को कभी नहीं खत्म करेंगे और लीबिया मॉडल किसी भी हालत में स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि उनका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है। 2015 की डील से बाहर निकलने के बाद अमेरिका और ईरान के रिश्तों में तल्खी बढ़ती गई है। जो अभी 19 अप्रैल को देखना होगा। साथियों बात अगर हम देर रात मीडिया में आई जानकारी के अनुसार वार्ता के नतीजे की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर दोनों देशों के बीच हुई पहली सीधी वार्ता में इस मुद्दे पर 19 अप्रैल को और चर्चा करने पर सहमति बनी है। ईरान के विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के मुताबिक, वार्ता के अंत में अमेरिका के पश्चिम एशिया में दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री की उपस्थिति में संक्षिप्त बातचीत की। इससे दशकों से तनावपूर्ण संबंध वाले दोनों देशों के बीच सीधी वार्ता होने का संकेत मिलता है। मीडिया के अनुसार अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान की ओर से आ रही खबरों की तत्काल पुष्टि नहीं की है।





# मौसम विभाग ने फिर जारी किया हीट वेव का अलर्ट, 2 दिनों में ही पारा 41 डिग्री पार जाने की संभावना



नोएडा (आरएनएस)। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और पूरे एनसीआर में मंगलवार से मौसम साफ रहने के साथ-साथ तापमान भी बढ़ने लगेगा। आज सुबह के समय तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। बीते दिनों हुई आंधी व बारिश से तापमान में 5 डिग्री की गिरावट आई थी। अब मौसम साफ है। सुबह से धूप खिलने के साथ मौसम सामान्य बना हुआ है। इसके चलते ही मौसम विभाग ने अब आने वाले दिनों में हीट वेव का अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले दो दिनों के अंदर ही अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर चला जाएगा। मौसम विभाग ने तीन दिनों के लिए हीट वेव का अलर्ट जारी किया है।मौसम विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक, 15 अप्रैल को अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री बने रहने की संभावना है। इसके बाद मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक हीट वेव के अलर्ट को जारी किया है, जिसमें 16, 17 और 18 अप्रैल शामिल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, 16 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री बने रहने की संभावना है। वहीं, 17 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री बने रहने की संभावना जताई गई है। इसके बाद अगले दिन, 18 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री होने की संभावना जताई गई है।

इन तीन दिनों के बाद मौसम विभाग के मुताबिक, हीट वेव का असर कुछ कम होता दिखाई देगा। 19 अप्रैल को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। जबकि 20 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। वहीं, 21 अप्रैल को भी अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री बने रहने की संभावना जताई गई है।मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए इन आंकड़ों के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ में हुई गड़बड़ी के कारण लगातार मौसम में अलग-अलग बदलाव देखने को मिल रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों का यह भी मानना है कि आने वाले दिनों में एक बार फिर तेज बारिश और हवा का सामना दिल्ली एनसीआर के लोगों को करना पड़ सकता है, जिसके बाद पारे में एक बार फिर गिरावट दर्ज की जाएगी।

## कोटा में कार और बाइक की भीषण टक्कर में 4 की मौत, सड़क से 5 फीट दूर जाकर गिरी दोनों गाड़ियां

कोटा,(आरएनएस)। कोटा जिले के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। इटावा-धनावा रोड पर मोरपा चौराहे के पास कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क से करीब पांच फीट दूर गड्ढे में जा गिरे।मृतकों में पति-पत्नी, उनका आठ महीने का बेटा और साले की बेटी शामिल हैं। चारों एक ही बाइक पर सवार होकर श्योपुर से अपने गांव भोरां लौट रहे थे।डीएसपी राजेश ढाका ने बताया कि हादसा सुबह करीब 7:30 से 8 बजे के बीच हुआ। बाइक सवारों में से तीन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि आठ माह के बच्चे ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ा। बाइक सवारों की पहचान भोरां निवासी बीरा उर्फ लियाकत (29), उसकी पत्नी सितारा (27), बेटा लइक (8 माह) और साले की बेटी जोया (17) के रूप में हुई है।



ओलंपिक पदक विजेता और प्रसिद्ध एथलीट कर्णम मल्लेश्वरी ने यमुनानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.

## शाहदरा में युवती की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के शाहदरा जिले के जीटीबी (गुरु तेग बहादुर) एनक्लेव थाना क्षेत्र में एक युवती की हत्या करने का मामला सामने आया। जल बोर्ड के गेट के सामने एमआईजी फ्लैट्स के पास युवती को अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद मौके पर ही युवती की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम, एडिशनल डीसीपी नेहा यादव, एसीपी, थाना प्रभारी (एसएचओ), क्राइम टीम, एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम और स्पेशल स्टाफ की टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र को सील कर जांच शुरू कर दी गई है।एडिशनल डीसीपी नेहा यादव ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हमें तकरीबन आधे से पौने घंटे पहले एक कॉल प्राप्त हुई थी जिसमें बताया गया कि एक लड़की को गोली मारी गई है। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि युवती की उम्र लगभग 20 साल के आसपास है। हालांकि, अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। न तो उसका नाम पता चल सका है और न ही यह कि वह कहां की रहने वाली है। पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर जीटीबी अस्पताल के मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



2023 बैच के आईएएस अधिकारियों ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया.

## अयोध्या में राममंदिर का काम 99 प्रतिशत पूरा हो चुका है : नृपेंद्र मिश्र

अयोध्या, (आरएनएस)। श्री मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का काम 99 प्रतिशत पूरा हो चुका है। 2000 क्यूबिक पत्थर मंदिर के अगल-बगल लगना है। मुख्य मंदिर में कोई पत्थर नहीं लगना है। प्रथम तल, द्वितीय तल और भूतल सब पूर्ण हो चुका है। प्रथम तल में रामदरबार मई माह में विराजमान हो जाएगा। उसके बारे में न्यास कार्यक्रम तय करेगा। नृपेंद्र मिश्र ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारा ध्यान मंदिर के साथ परकोटा में गति देने का है। कुछ नए निर्माण कार्य हैं जिन्हें पूर्ण करना है। उत्तरी तरफ अस्थाई कार्यालय के हिस्से को तोड़कर योजना के अनुसार हॉर्टिकल्चर वगैरह का काम किया जाएगा। नॉर्दर्न गेट भी लगभग पूर्ण हो गया है। 15 में तक वह पूरा हो जाएगा। दिसंबर 2025 में मंदिर निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि जो सामाजिक समरसता मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने सभी के समक्ष प्रस्तुत की थी, उसी के अनुसार सातों मंदिर, महर्षि वाल्मीकि से लेकर निषाद राज, शबरी, अहिल्या, अगस्त मुनि, वशिष्ठ जी, इन सब के मंदिर पूर्ण हो गए हैं और मूर्तियां पहुंच गई हैं।

## अमरनाथ यात्रा रजिस्ट्रेशन : पहले दिन भक्तों को निराशा, बैंक में कंप्यूटर अनुपलब्ध

कठुआ (आरएनएस)। श्री अमरनाथ यात्रा 2025 के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन मंगलवार से शुरू हो गया, लेकिन कठुआ में पहले ही दिन पंजीकरण कराने पहुंचे भक्तों को मायूसी हाथ लगी। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की कठुआ शाखा में पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण काउंटर नहीं खुल सके। इससे भक्तों में निराशा और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई।

हीरानगर से आए विकास महाजन ने बताया कि वे और उनके साथी सुबह जल्दी उठकर उत्साह के साथ रजिस्ट्रेशन के लिए पहुंचे थे। उनका इरादा 3 जुलाई को पहले जत्थे के साथ बाबा बर्फानी के



दर्शन करने का था। लेकिन, बैंक प्रबंधन ने बताया कि कंप्यूटर उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते पंजीकरण शुरू नहीं हो सका। उन्होंने इसे निराशाजनक बताते हुए कहा कि श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने 14 अप्रैल से पंजीकरण शुरू होने की घोषणा की थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर व्यवस्था की कमी ने उनके उत्साह को ठेस पहुंचाई।

इसी तरह, हीरानगर के सुमित शर्मा ने अपने साथियों के साथ पंजीकरण कराने की योजना बनाई थी। उन्होंने बताया कि उनके समूह में जम्मू और अन्य जगहों से आए भक्त भी शामिल थे।सुमित ने कहा, हम सुबह सात बजे से तैयार होकर आए थे।

लेकिन, बैंक अधिकारियों से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली। वे कह रहे हैं कि कंप्यूटर जम्मू भेज दिया गया है और ऊपर से कोई दिशा-निर्देश नहीं मिले हैं।सुमित ने यह भी बताया कि उनके दिल्ली में रहने वाले कुछ दोस्तों ने वहां की बैंक शाखाओं से पंजीकरण करा लिया है, लेकिन कठुआ में स्थिति अनिश्चित बनी हुई है।

## उत्तर प्रदेश : देवरिया में रोडवेज बस और टैंकर के बीच जोरदार टक्कर, 35 लोग घायल

देवरिया , (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के देवरिया में गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बैतालपुर डिपो के पास रोडवेज बस और टैंकर के बीच सोमवार को भिड़ंत हो गई। इस हादसे में करीब 30 से 35 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कई लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ।टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार, गोरखपुर से देवरिया आ रही रोडवेज बस से टैंकर की टक्कर हो गई। टैंकर डिपो से बाहर निकल रहा था, इसी बीच बस की टक्कर हो गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे से हाईवे पर जाम की स्थिति भी बन गई थी।बता दें कि 13 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के संभल में रोडवेज और निजी बस की आमने-सामने की टक्कर हो गई थी। इस हादसे में 12 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। हादसा इतना भयानक था कि दोनों बसों का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था।

## जीरो टॉलरेंस' जीरो हो गया, वैसे ही 'जीरो पार्वटी' भी जुमला साबित होगा : अखिलेश यादव

लखनऊ (आरएनएस)। यूपी में जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम बाबासाहेब अंबेडकर के नाम पर चलाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऐलान पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुटकी ली है। उन्होंने कहा कि 'ज़ीरो पार्वटी' भी भाजपा का जुमला साबित होगा। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि ज़ीरो होने से पहले हर तरफ़ ज़ीरो नज़र आ रहा है। जैसे इनका 'ज़ीरो टॉलरेंस' ज़ीरो हो गया, वैसे ही 'ज़ीरो पार्वटी' भी भाजपा का जुमला होगा। हमारे देश की महान परंपरा ने 'ज़ीरो' गणित के लिए दिया था, जनता के बीच झूठ बांटने के लिए नहीं। पावर्टी या कहें गरीबी कामों से जाती है, बातों से नहीं और काम में भाजपा सरकार जीरो है। ये जाते-जाते सब कुछ शून्य करके जाएंगे।उन्होंने कहा कि भाजपाई 'अंबेडकर गांव' और 'लोहिया



गांव' जैसी पुरानी योजनाओं का नाम बदलकर नए तरह से पेश करने का अपना परंपरागत छलावा कर सकते हैं और कुछ नहीं। भाजपाई नया वादा करने से पहले 15 लाख खातों में भिजवा दें और गोद लिए गांव की बदहाली भी जाकर देख लें और पहले हर किसी को घर और हर घर में जल जैसे झूठे वादों पर कई परतों तक जमा हो चुकी धूल को झाड़ें। कम-से-कम ग़रीबों से तो झूठ न बोलें।सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि मध्य प्रदेश के नीमच में एक मंदिर में विश्राम कर रहे अल्पसंख्यक जैन समाज के मुनियों पर हिंसक हमला घोर निंदनीय है। इस मामले की गहरी जांच हो, न कि दिखावटी कार्रवाई और इस दुर्भावनापूर्ण कुकृत्य के पीछे की असली मंशा जगजाहिर हो कि शांतिपूर्ण जैन समाज के आदरणीय-सम्माननीय मुनियों के ऊपर ये घातक हमला क्यों हुआ और सब कुछ त्याग चुके इन मुनियों से भला किसको क्या हासिल होना था।उन्होंने कहा कि ऐसी हिंसक वारदातों से एक पंथनिरपेक्ष देश के अंदर अल्पसंख्यक समुदाय में भय का वातावरण बनता है और वो असुरक्षित महसूस करता है। इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है और एक उद्यमशील, शांतिप्रिय, अहिंसक, शिक्षित समाज-समुदाय हतोत्साहित होता है, जिसका देश के सामाजिक ताने बाने और चतुर्दिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## भरतपुर : बेटे ने मां पर किया कुल्हाड़ी से हमला, हालत गंभीर, जयपुर रेफर

भरतपुर ,(आरएनएस)। शहर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक बेटे ने अपनी ही मां पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। घटना ठाकुर गली, कोहिनूर होटल के पीछे की बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय रूप कुमारी घर में खाना बना रही थीं, तभी उनका बड़ा बेटा सनी घर आया और किसी बात को लेकर गुस्से में कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। अचानक हुई इस घटना से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। रूप कुमारी की छोटी बेटी गोरी रोते हुए बाहर भागी और मोहल्लेवालों को सूचना दी।

पड़ोसियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को पहले निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया गया।

घटना के बाद आरोपी बेटा सनी मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया है।

## दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने निजी स्कूल में फीस अनियमितता की शिकायत पर दिए जांच के आदेश



नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मॉडल टाउन स्थित एक निजी स्कूल में अभिभावकों द्वारा फीस वसूली में अनियमितता और बच्चों को स्कूल से निकाले जाने की शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लिया है। सीएम ने इस मामले में तत्काल जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सीएम रेखा गुप्ता ने साफ किया है कि शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समानता और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता अटूट है और किसी भी अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो के कैप्शन में सीएम ने कहा, आज (मंगलवार को) जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान क्वीन मैरी स्कूल, मॉडल टाउन से संबंधित एक मामला सामने आया, जिसमें बच्चों के परिजनों ने गलत तरीके से फीस वसूली और बच्चों को स्कूल से निकाले जाने की शिकायत दर्ज की। इस विषय पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच कर कड़ी और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने आगे कहा, दिल्ली सरकार शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार का अन्याय, शोषण या अनियमितता को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है, इसमें कोई ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। हमारा संकल्प स्पष्ट है, हर बच्चे को न्याय, सम्मान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए।

सीएम के द्वारा जारी वीडियो में एक छात्रा के पिता कह रहे हैं कि गैर कानूनी फीस न भरने के कारण हमारी बच्ची को स्कूल में बंधक बना कर रखा गया। बच्ची ने इसकी शिकायत हमसे की। इसके बाद हम स्कूल प्रशासन के पास गए और इस मामले की शिकायत की। उनका रवैया नहीं बदला। आज भी स्कूल से फोन आया और कहा गया कि अपने बच्चे को स्कूल से ले जाइए, जब तक आप फीस नहीं भरते।

# दलित युवक से लव मैरिज करने पर पिता ने बेटी को दी खौफनाक सजा, कर दिया ये बड़ा कांड



चित्तूर (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले से ऑनर किलिंग का एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मुस्लिम पिता अपनी एमबीए पास बेटी द्वारा दलित युवक से प्रेम विवाह करने से इस कदर आगबबूला हुआ कि उसने कथित तौर पर बेटी का सिर काटकर बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पिता और भाई मौके से फरार हो गए हैं।घटना चित्तूर के बालाजीनगर कॉलोनी की है। शौकत अली और मुमताज की बेटी यास्मीन भानु (एमबीए) को कॉलेज के दिनों में पुथलपट्टू मंडल के साईं तेजा (बी.टेक) से प्यार हो गया था। साईं तेजा अनुसूचित जाति समुदाय से आते हैं। जब साईं तेजा के परिवार ने शादी का प्रस्ताव रखा, तो यास्मीन के माता-पिता ने इस रिश्ते का कड़ा विरोध किया।परिवार की नामंजूरी के बावजूद, यास्मीन और साईं तेजा ने 9 फरवरी 2025 को नेल्लोर में शादी कर ली। शादी के बाद खतरे को भांपते हुए नवविवाहित जोड़े ने 13 फरवरी को तिरुपति डीएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस ने दोनों परिवारों को बुलाकर काउंसलिंग की और चेतावनी दी कि चूंकि दोनों बालिग हैं, उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। अगले दो महीने तक सब ठीक चलता रहा, लेकिन पिछले कुछ दिनों से यास्मीन के घरवाले उसे लगातार फोन करके घर आने का दबाव बना रहे थे। उन्होंने बहाना बनाया कि पिता शौकत अली की तबीयत खराब है और वह घर आकर मिल जाए। परिवार के झांसे में आकर रविवार सुबह साईं तेजा ने खुद यास्मीन को चित्तूर के गांधी चौक पर उसके भाई की कार में बैठाकर मायके भेजा।यास्मीन के जाने के बाद जब साईं तेजा ने उसे और उसके परिवार वालों को फोन किया तो किसी से संपर्क नहीं हो पाया। अनहोनी की आशंका से वह यास्मीन के घर पहुंचा। वहां पहले तो परिवार ने कहा कि यास्मीन घर पर नहीं है, फिर बताया कि उसने आत्महत्या कर ली है। लेकिन सच्चाई कुछ और ही थी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यास्मीन का शव कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस को शुरुआती जानकारी में बताया गया कि युवती ने आत्महत्या की है, लेकिन मामला ऑनर किलिंग का लग रहा है। चित्तूर के प्रभारी डीएसपी प्रभाकर के नेतृत्व में जांच जारी है। पुलिस ने संदिग्ध मौत का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल, मृतका का पिता शौकत अली और उसकी बड़ी बहन का बेटा लालू फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

# ग्रेट ग्रैंड मस्ती की एक्ट्रेस कंगना शर्मा ने शेयर की बोल्ड फोटोज, फैंस का छूटा पसीना



बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस कंगना शर्मा ने एक बार फिर अपने लेटेस्ट लुक से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. ग्रेट ग्रैंड मस्ती फेम कंगना ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह रेड कलर की डीप नेक शिमरी ड्रेस में नजर आ रही हैं. उनकी ये फोटोज तेजी से वायरल हो रही हैं. इस तस्वीर में कंगना शर्मा का स्टाइल और कॉन्फिडेंस देखने लायक है. उन्होंने अपने लुक को गोल्ड ज्वेलरी और सटल मेकअप से कंप्लीट किया है. बालों को सॉफ्ट वेव्स में स्टाइल किया गया है, जिससे उनका ग्लैमर और भी बढ़ गया है.कंगना ने इस पोस्ट के कैप्शन में अपने आउटफिट, ज्वेलरी, स्टाइलिंग और मेकअप आर्टिस्ट का भी जिक्र किया है. फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, रेस्पेक्ट बटन होना चाहिए, तो किसी ने कहा, ब्यूटी क्वीन.गौरतलब है कि कंगना शर्मा कई म्यूजिक वीडियोज और वेब सीरीज में भी नजर आ चुकी हैं और सोशल मीडिया पर अपनी बोल्डनेस और स्टाइल स्टेटमेंट के लिए जानी जाती हैं. कंगना की ये तस्वीरें इस समय इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं और फैन्स उन्हें एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने की मांग कर रहे हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर सिकंदर को नहीं मिल रहे दर्शक, अब तक कमाए इतने करोड़ रुपये

ईद के मौके पर रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म सिकंदर दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई और ना ही इसे समीक्षकों की तरह से हरी झंडी मिली।

लोगों को इसकी कहानी बिल्कुल पसंद नहीं आई। पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए संघर्ष करती दिख रही है।

आलम यह है कि फिल्म की कमाई पिछले कुछ दिनों से लाखों में सिमटी हुई है। आइए जानें सिकंदर ने 15वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सिकंदर ने 15वें दिन यानी दूसरे रविवार को 54 लाख रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 109.04 करोड़ रुपये हो गई है।

सिकंदर अगर चंद दिनों में कुछ चमत्कार कर पाई तो इसका बोरिया बिस्तर बंधना अब पक्का है।

फिल्म के निर्देशन की कमान एआर मुरुगदॉस ने संभाली है, जिन्होंने आमिर खान के साथब्लॉकबस्टर फिल्म गजनी बनाई थी। साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता हैं।

## जमुनीया, जामुन के फल की तरह ही कई गुणों से भरपूर है, मेरा किरदार सिर्फ उसके रूप तक सीमित नहीं हैः आलेया घोष



शेमारू उमंग पर प्रसारित जमुनीया शो अपने प्रसारण के बाद से ही दर्शकों का दिल छू रहा है और समाज में खूबसूरती, स्वीकृति और आंतरिक शक्ति को लेकर एक महत्वपूर्ण चर्चा छेड़ रहा है। यह कहानी जमुनीया नाम की एक लड़की की है, जो अपने सांवले रंग के कारण समाज की आलोचना का शिकार होती है। एक ऐसी दुनिया में जहाँ सुंदरता को अक्सर गोरेपन से जोड़ा जाता है, उसके लिए हर दिन एक नई चुनौती होता है। लेकिन, जमुनीया हार मानने वालों में से नहीं है, वह अपने आत्मविश्वास और साहस से इन भेदभावों का डटकर सामना करती है। शो के नाम और इसके गहरे अर्थ के बारे में बात करते हुए मुख्य अभिनेत्री आलेया घोष कहती हैं, जमुनीया, जामुन के फल की तरह ही कई गुणों से भरपूर है। जैसे जामुन सेहत के लिए लाभकारी होता है, वैसे ही मेरा किरदार जमुनीया सिर्फ अपनी बाहरी सुंदरता तक ही सीमित नहीं है। वह निडर है और हमेशा सच के लिए खड़ी होती है। मौजूदा कहानी में, उसने खुद को बखूबी साबित किया है और वह जानती है कि अपने हक के लिए कैसे लड़ना है। वह किसी को भी खुद पर अन्याय नहीं करने देगी और अपने पति की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगी, भले ही उसका पति और परिवार उसे उसके रूप के कारण स्वीकार न करें। लोग अक्सर रूप-रंग के आधार पर निर्णय लेते हैं, लेकिन असली सुंदरता साहस, विनम्रता और आत्मबल में होती है। अब समय आ गया है कि हम त्वचा के रंग से आगे बढ़ें और अपने अंदर के हीरो को पहचानें।जमुनीया का दुनिया का नज़रिया बदलने को लेकर उसकी संघर्ष से भरी यात्रा के ज़रिए, यह शो एक सशक्त संदेश देता है। सौंदर्य सिर्फ चेहरे की सुंदरता में नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संकल्प और सच्चे दिल में होता है। देखिए जमुनीया शो, हर सोमवार से शनिवार, रात 8:00 बजे, सिर्फ शेमारू उमंग पर!

००

## जाट बनाम गुड बैड अग्ली कलेक्शन डे 4ः तारा सिंह ने बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा, अजित कुमार स्टारर ने भी की ताबड़तोड़ कमाई



10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई सनी देओल की जाट और अजित कुमार की गुड बैड अग्ली को रविवार की छुट्टी का फायदा मिला. दोनों फिल्मों ने ताबड़तोड़ कमाई की और पिछले 3 दिनों से ज्यादा का कलेक्शन किया. जाट ने शनिवार की तुलना में 43.59 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की वहीं गुड बैड अग्ली ने भी शानदार कमाई का रिकॉर्ड बनाया. तो चलिए जानते हैं दोनों फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर कमाई.9.5 करोड़ के साथ ओपनिंग करने वाली जाट ने दूसरे और तीसरे दिन 7 और 9.75 करोड़ की कमाई की. वहीं आज चौथे दिन सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने बड़ी उड़ान भरते हुए डबल डिजिट में कलेक्शन किया यानि फिल्म ने 43.59 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 14 करोड़ रुपये कमाए. इस तरह फिल्म का चार दिनों का कलेक्शन 40.25 करोड़ हो गया है. फिल्म जल्द ही हाफ सेंचुरी लगाने के लिए तैयार है.

अजित कुमार स्टारर गुड बैड अग्ली की बात करें तो फिल्म ने 29.25 करोड़ के साथ बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग की थी. जिसके बाद दूसरे और तीसरे दिन 15 और 19.75 करोड़ कमाए. अब आज चौथे दिन फिल्म ने 20.50 करोड़ की कमाई की है जिसके साथ ही फिल्म की टोटल कमाई 84.50 करोड़ हो गई है. अब तक गुड बैड अग्ली की कमाई डबल डिजिट में ही हुई है और अगर ऐसा ही रहा तो फिल्म जल्द ही 100 करोड़ का आंकड़ा पार करेगी.जाट में सनी देओल ने लीड रोल प्ले किया है और रणदीप हुड्डा इसमें विलेन बने हैं. इनके साथ ही फिल्म में रेजिना कैसंड्रा, जगपति बाबू, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर, राम्या कृष्णन जैसे कलाकार मौजूद हैं. फिल्म को गोपीचंद मालिनेनी ने डायरेक्ट किया है और मैथ्री मूवी मेकर्स ने प्रोड्यूस किया है.आदिक रविचंद्रन द्वारा निर्देशित और मैथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित गुड बैड अग्ली में अजित ने एके की भूमिका निभाई है, जो एक क्राइम बॉस और एक्स क्रिमिनल है और अपने बेटे के अपहरण के बाद फिर से अपराध करने पर मजबूर हो जाता है. अजित के साथ इस फिल्म में तृषा कृष्णन, अर्जुन दास, सुनील, जैकी श्रॉफ, सयाजी शिंदे, टीनू आनंद, प्रिया प्रकाश वरियर, प्रभु, प्रसन्ना, योगी बाबू, रघु राम, रेडिन किंग्सले, राहुल देव, उषा उत्थुप और शाइन टॉम चाको जैसे कलाकार शामिल हैं.

## ग्राउंड जीरो का पहला गाना सो लेने दे हुआ रिलीज, इमोशनल गाना छू गया सबका दिल, जुबिन नौटियाल ने लगाए सुर




एक्सेल एंटरटेनमेंट ने हाल ही में 'ग्राउंड जीरो' का धमाकेदार ट्रेलर जारी किया। जिसने दर्शकों को बेहद हैरान किया और अब फिल्म का पहला गाना 'सो लेने दे' भी रिलीज़ हो गया है। यह गाना उन अनसुनी लड़ाइयों और देश की रक्षा में जुटे जवानों की साहसिकता को गहराई से दर्शाता है। ग्राउंड जीरो, क्स्स्न के पिछले 50 वर्षों के सबसे सफल अभियानों पर आधारित एक सच्ची घटना से प्रेरित है।ट्रेलर के अंत में 'सो लेने दे' की झलक ने दर्शकों के दिलों को छू लिया था, और अब जब पूरा गाना सामने आया है, तो यह देशभक्ति, जुदाई और आंतरिक शक्ति की गहराई को और भी स्पष्ट करता है। जुबिन नौटियाल और अफसाना खान की भावपूर्ण आवाज़ में गाया गया यह गाना, वायु के इमोशनल बोलों और तनिष्क बागची तथा आकाश राजन की संगीत रचना के साथ मिलकर बलिदान और कर्तव्य को एक सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता है।यह केवल एक गाना नहीं है, बल्कि एक गहरा अनुभव है जो खत्म होने के बाद भी दिल में गूंजता रहता है। 'सो लेने दे' एक ऐसा भावनात्मक आधार प्रस्तुत करता है जो ग्राउंड जीरो की असली आत्मा को उजागर करता है, कठिन परिस्थितियों में भी अडिग रहने की भावना और देश के वीर जवानों की कभी हार न मानने की प्रेरणा को दर्शाता है।ग्राउंड जीरो एक रोमांचक एक्शन फिल्म है, जिसे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। तेजस देवस्कर के निर्देशन में बनी इस फिल्म का सह-निर्माण कई प्रतिभाशाली व्यक्तियों ने किया है, जिनमें कासिम जगमगिया, विशाल रामचंदानी, संदीप सी. सिधवानी, अर्हन बगाटी, टैलिसमैन फिल्म्स, अभिषेक कुमार और निशिकांत रॉय शामिल हैं।

## मास जतारा का गाना तू मेरा लवर हुआ रिलीज, रवि तेजा और श्रीलीला का दिखा किलर डांस

मास महाराजा रवि तेजा की फिल्म मास जतारा को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। इस फिल्म का रोमांटिक सॉन्ग तू मेरा लवर कुछ ही देर पहले रिलीज हुआ है। इस गाने को प्रशंसक बेहद पसंद कर रहे हैं और लगातार अपनी राय शेयर कर रहे हैं।भानु बोगावरापु द्वारा निर्देशित फिल्म मास जतारा पूरी तरह से लोगों को आकर्षित करने का वादा करती है, जिसमें श्रीलीला रवि तेजा के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का गाना तू मेरा लवर 1 घंटे पहले ही रिलीज किया गया है। यूट्यूब पर इसे 1 घंटे में 2 लाख से ज्यादा के व्यूज मिल चुके हैं। टीम ने पहले सिंगल तू मेरा लवर के साथ संगीत प्रमोशन शुरू किया। फिल्म का संगीत भीम्स सेसिरोलीओ ने तैयार किया है। वैसे इस फिल्म के अलावा भी भीम्स, रवि तेजा की कई फिल्मों के चार्टबस्टर्स दे चुके हैं।

## पेंटिंग का शौक अपनाना चाहते हैं तो ऐसे करें शुरुआत, आपकी कला में होगा सुधार



बचपन में स्कूल में पेंटिंग और आर्ट की क्लास हुआ करती थी, जिसमें नए-नए चित्र बनाना और उनमें रंग भरना सिखाया जाता था।कुछ छात्र इस कला में अच्छे हुआ करते थे और बेहद खूबसूरत पेंटिंग्स बनाया करते थे। हालांकि, बड़े होने के बाद उनका शौक कहीं खो-सा गया और वे अपने-अपने जीवन में व्यस्त हो गए।अगर आप भी पेंटिंग के शौक को दोबारा अपनाना चाहते हैं और इस कला में पारंगत होना चाहते हैं तो ये टिप्स अपनाएं।

### सही रंगों का चुनाव करें

पेंटिंग की कला की नीव रंगों पर ही टिकी होती है। ज्यादातर लोग मानते हैं कि सभी कलाकारों को सीधे पेंट कलर से ही पेंटिंग करना शुरू करना चाहिए।हालांकि, अगर आप इस कला को सीखना शुरू कर रहे हैं तो आप ऑयल पेस्टल या पेंसिल वाटर कलर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।आप अपनी पसंद और सहुलियत के मुताबिक, वाटर, एक्रेलिक, पेस्टल या ऑयल पेस्टल जैसे तमाम रंगों में से चुनाव कर सकते हैं।

### हर चीज में कला और आकार देखने की कोशिश करें

पेंटिंग एक रचनात्मक गतिविधि है, जिसके लिए कलाकार का नजरिया बेहद मायने रखता है। अगर आप इस कला को अपनाना चाहते हैं तो आपको हर चीज में कला ढूंढनी होगी।इसके लिए कोशिश करें कि आप जिस भी वस्तु या व्यक्ति को देखें, आपको उसमें कोई आकार या कलात्मक छवि दिखाई दे।ऐसा करने से आपको चित्र बनाने में आसानी होगी, आपकी रचनात्मकता बढ़ेगी और आप अपनी कला में सुधार भी कर पाएंगे।

### चित्रकारी करने का नियमित अभ्यास करें

पेंटिंग करने से पहले आपको ड्राइंग बनाना यानी कि चित्रकारी करना सीखना होगा।

इसके लिए पेंसिल और कागज उठाएं और अपनी सोच व रचनात्मक क्षमताओं के आधार पर चित्र बनाना शुरू करें।रोजाना एक नया चित्र बनाने की कोशिश करें या एक हफ्ते का समय लेकर एक ही चित्र को उत्तम बनाने का प्रयास करें।चित्रकारी के नियमित अभ्यास से आपका कौशल विकसित होगा और आप दिन-पर-दिन बेहतर होते जाएंगे। साथ ही, इससे आप अधिक रचनात्मक बनेंगे।

### कलर थ्योरी के बारे में जानें

अगर आप एक अच्छे पेंटर बनना चाहते हैं तो कलर थ्योरी यानि रंग सिद्धांत समझना आपके लिए महत्वपूर्ण है। इसके लिए सबसे पहले पीले, नीले और लाल रंगों को एक साथ मिलाने से शुरुआत करें।

ये प्राइमरी रंग होते हैं, जिनसे सभी अन्य रंग बनाए जा सकते हैं। इन्हें मिलाने के बाद सेकंडरी रंग बनते हैं, जिनमें हरा, नारंगी और बैंगनी आदि शामिल होते हैं।

इनके साथ-साथ आपको कंटेम्परोरी रंगों के बारे में भी सीखना चाहिए।

### रंग भरने की कला को सीखें

एक बार जब आप चित्रकारी में पारंगत हो जाएं और आपको कलर थ्योरी का ज्ञान हो जाए, तो चित्रों में रंग भरना शुरू कर दें।इसके लिए सबसे पहले अपने चित्र में बेस रंग भरें और उसकी नीव तैयार कर लें। इसके बाद लाइट और शैडो तकनीक की मदद से चित्र में शेडिंग करें।

पेंटिंग करते समय इस बात पर ध्यान देना भी जरूरी होता है कि आप ब्रश को किस तरह से इस्तेमाल कर रहे हैं।

# गर्मियों में ठंडक पाने के लिए खाएं ये आइसक्रीम, 30 मिनट में हो जाती हैं तेयार



बच्चे हों या बड़े, सभी को आइसक्रीम खाने का शौक होता है। यह मीठा खाद्य पदार्थ दूध, क्रीम और तरह-तरह के फ्लेवर का संयोजन होता है, जो शरीर को ठंडक पहुंचाता है।

बाजार में मिलने वाली आइसक्रीम में मिलावट की जाती है और उसमें दूध के नाम पर पाम ऑयल मिला दिया जाता है। ऐसे में आपको अपने घर पर ही ये लजीज आइसक्रीम बना लेनी चाहिए, जिनकी रेसिपी बेहद आसान हैं। ये 30 मिनट में तैयार हो जती हैं।

### कुकी एंड क्रीम आइसक्रीम

सामग्रीः आधा कप चीनी, एक कप दूध, 2 कप क्रीम, एक चम्मच वेनिला का अर्क, आधा चम्मच नमक और एक पैकेट ओरियो बिस्कुट।

विधिः कुकी एंड क्रीम आइसक्रीम बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में क्रीम, दूध, चीनी, नमक और वेनिला का अर्क डालें। इन सभी सामग्रियों को मिलाएं।

इसे ढककर रातभर के लिए फ्रीज कर लें। अगली सुबह आइसक्रीम मेकर में इस मिश्रण को डालें और उसमें हाथों से तोड़े हुए ओरियो बिस्कुट के टुकड़े भी मिला दें।

### आम और केले की आइसक्रीम

सामग्रीः 2 बड़े आम, 2 केले, आधा कप कंडेंस्ड दूध, आधा कप क्रीम और एक चम्मच चीनी।

विधिः आम और केले की आइसक्रीम बनाने के लिए केले और आम को टुकड़ों में काट लें और एयर टाइट बैग में भरकर फ्रीज कर लें।

इन्हें ब्लेंडर में डालें और कंडेंस्ड दूध, क्रीम और चीनी के साथ पीस लें। इस मिश्रण में केले और आम के छोटे-छोटे टुकड़े भी डालें और रातभर के लिए फ्रीज करें।

जमने के बाद आनंद लेकर खाएं।

### नारियल की आइसक्रीम

सामग्रीः व्हीपिंग क्रीम, 2 कप नारियल की मलाई, कंडेंस्ड दूध, नारियल का दूध, घिसा नारियल।

विधिः नारियल की आइसक्रीम तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में व्हीपिंग क्रीम को डालें। अब इसे विस्कर की मदद से तब तक फेटें जब तक इसकी स्थिरता मक्खन जैसी न हो जाए।

ब्लेंडर में नारियल की मलाई को पीसें और क्रीम में मिला दें। इसके बाद इसमें कंडेंस्ड दूध और नारियल का दूध मिलाएं और ऊपर से घिसा नारियल छिड़ककर फ्रीज करें।

### पुदीने और चॉकलेट चिप की आइसक्रीम

सामग्रीः एक कप क्रीम, एक कप पुदीने की पत्तियां, आधा कप सफेद चॉकलेट, आधा चम्मच पुदीने का अर्क, 3 चम्मच चॉकलेट चिप्स और एक कप व्हीपिंग क्रीम।

विधिः इस अनोखी आइसक्रीम को बनाने के लिए सबसे पहले क्रीम और पुदीने की पत्तियों को उबाल लें। इस मिश्रण को छानें और पुदीने की पत्तियों को मिक्सी में पीस लें।

अब क्रीम में सफेद चॉकलेट, पुदीने का पेस्ट, पुदीने का अर्क, व्हीपिंग क्रीम और चॉकलेट चिप्स मिलाकर जमा लें।

### चेरी आइसक्रीम

सामग्रीः चेरी, चीनी और एक कप दूध।

विधिः चेरी आइसक्रीम बनाने के लिए चेरी को मोटा-मोटा काटकर पीस लें। अब इसमें चीनी और दूध मिलाएं और तेज गति पर 5 मिनट फेटें।

इस तैयार मिश्रण को एक बड़े बर्तन में निकालें और 4 घंटे या रातभर के लिए जमने दें। ताजी चेरी को आप फ्रीज करके भी रख सकते हैं। इसके लिए पहले इन्हें धोएं, फिर सुखाएं और एक एयरटाइट कंटेनर में लंबे समय तक फ्रीज करें।

# डोनाल्ड ट्रंप का हार्वर्ड यूनिवर्सिटी पर कड़ा एक्शन, दिया अरबों का झटका; जानें क्या है पूरा विवाद

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने देश की प्रतिष्ठित हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 2.2 अरब डॉलर (भारतीय रुपये में लगभग 18,300 करोड़ रुपये) की संघीय फंडिंग तत्काल प्रभाव से रोक दी है। प्रशासन का यह सख्त रवैया हार्वर्ड द्वारा कैंपस में बढ़ते यहूदी-विरोधी माहौल से निपटने के लिए लगाई गई कड़ी शर्तों को मानने से इनकार करने के बाद सामने आया है।



रिपोर्टों के अनुसार, व्हाइट हाउस ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी प्रबंधन से उसके संचालन (गवर्नेंस), महत्वपूर्ण पदों पर होने वाली नियुक्तियों और दाखिला प्रक्रिया (प्रवेश प्रक्रिया) में बड़े बदलाव करने की मांग की थी। इसके साथ ही, प्रशासन ने यूनिवर्सिटी में विविधता, समानता और समावेशन से जुड़ी इकाइयों को बंद करने और अंतरराष्ट्रीय छात्रों की स्क्रीनिंग (जांच) प्रक्रिया में आव्रजन अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करने का निर्देश भी दिया था।

हार्वर्ड का शर्तों को मानने से इनकार

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अंतरिम अध्यक्ष एलन गार्बर ने ट्रंप प्रशासन की इन मांगों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को भेजे एक पत्र में स्पष्ट किया कि यूनिवर्सिटी अपनी स्वायत्तता और संवैधानिक अधिकारों के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगी और सरकार के इन आदेशों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हार्वर्ड के इस रुख के बाद, ट्रंप प्रशासन द्वारा गठित 'संयुक्त यहूदी-विरोधी निगरानी टास्क फोर्स' ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 2.2 अरब डॉलर की ग्रांट (अनुदान) और 60 मिलियन डॉलर (लगभग 500 करोड़ रुपये) के अन्य सरकारी अनुबंधों पर रोक लगाने की घोषणा कर दी।टास्क फोर्स ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, हार्वर्ड की प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों में यह गलत धारणा गहराई तक बैठ चुकी है कि उन्हें अमेरिकी करदाताओं का पैसा तो चाहिए, लेकिन वे किसी भी प्रकार की जवाबदेही नहीं लेना चाहते।गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी अपने आक्रामक फैसलों और बयानों के लिए चर्चा में रहे हैं। उनके टैरिफ़ संबंधी फैसलों ने वैश्विक स्तर पर चिंता पैदा की थी। वह पहले भी टीवी शो में उनका मजाक उड़ाने पर एक चैनल को परिणाम भुगतने की चेतावनी दे चुके हैं। अब उनका निशाना अमेरिका के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से एक हार्वर्ड यूनिवर्सिटी बनी है। इस घटना ने अकादमिक स्वतंत्रता और सरकारी नियंत्रण के बीच एक नई बहस छेड़ दी है।

## एसएडीसी ने कांगो सैनिकों के साथ संयुक्त सैन्य अभियान के दावों को खारिज किया

गैबोरोन (आरएनएस)। दक्षिणी अफ्रीकी डेवलपमेंट कम्युनिटी (एसएडीसी) ने इस दावे को खारिज कर दिया कि पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में तैनात उसकी क्षेत्रीय सेना कांगो सैनिकों के साथ संयुक्त सैन्य अभियान चला रही है।सोमवार को बोत्सवाना की राजधानी गैबोरोन में अपने मुख्यालय से जारी एक बयान में 16 सदस्यीय ब्लॉक ने मार्च 23 मूवमेंट (एम23) की ओर से 12 अप्रैल को जारी विज्ञप्ति में लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें 'गलत और भ्रामक' बताया। ब्लॉक ने कहा, एसएडीसी इन आरोपों का खंडन करता है। ये दावे गलत और भ्रामक हैं। साथ ही कहा कि डीआरसी में एसएडीसी मिशन (एसएएमआईडीआरसी) ने किसी भी संयुक्त अभियान में हिस्सा नहीं लिया है, जैसा कि दावा किया गया है।समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, एसएडीसी ने बताया कि एसएएमआईडीआरसी वर्तमान में राज्य और सरकार के प्रमुखों के एसएडीसी शिखर सम्मेलन के निर्देशों के अनुरूप डीआरसी से एक संरचित और समन्वित वापसी को लागू कर रहा है।

## चरवाहों के वेश में आए बंदूकधारियों ने मचाया खूनी उत्पात, 40 लोगों का बेरहमी से किया कत्ल



अबुजा , (आरएनएस)। नाइजीरिया में हिंसा की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि खुद राष्ट्रपति को सामने आकर बयान देना पड़ा है। राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने कहा कि देश के उत्तर-मध्य भाग में एक ईसाई किसान समुदाय पर मुस्लिम बंदूकधारियों ने हमला किया है। इन हमलों में कम से कम 40 लोग मारे गए है। माना जा रहा है कि चरवाहों के वेश में आए बंदूकधारियों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने इस हत्याकांड को लेकर दुख जताया है। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जिके समुदाय पर हुए इस हमले की जांच के आदेश दिए हैं। राष्टपति ने एक बयान में कहा, ''मैंने सुरक्षा एजेंसियों को इस मामले की गहन जांच करने और इस हिंसक कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने का निर्देश दिया है।''मानवाधिकार संगठन 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' के अनुसार, बंदूकधारियों ने अचानक हमले की वारदात को अंजाम दिया था। हमला इतना तेजी से किया गया था कि लोगों को बचकर भागने का मौका ही नहीं मिला। मृतकों में बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं।बता दें कि, अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश के इस हिस्से में इस तरह के हमले आम हो गए हैं। हमलों में शामिल बंदूकधारी आमतौर पर फुलानी नाम की मुस्लिम जनजाति से ताल्लुक रखते हैं। बंदूकधारी सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद खामियों का फायदा उठाकर किसानों पर घातक हमले करते हैं।

## अमेरिकी हवाई हमलों के एक महीने में यमन में 123 नागरिकों की मौत, हूती नियंत्रित स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

सना ,(आरएनएस)। हूती नियंत्रण वाले स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मार्च के मध्य से यमन में अमेरिकी सेना ने फिर से हवाई हमले शुरू किए हैं। इन हमलों में अब तक 123 आम लोगों की मौत हो चुकी है और 247 लोग घायल हुए हैं। घायलों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। यह बयान रविवार देर रात तब जारी किया गया, जब यमन की राजधानी सना के पश्चिमी इलाके में एक सिरेमिक फैक्ट्री पर अमेरिकी हवाई हमला हुआ। इस हमले में 7 लोगों की मौत हो गई और 29 लोग घायल हो गए।9 अप्रैल को स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया था कि ताजा अमेरिकी हवाई हमलों में 107 लोगों की जान गई है और 223 लोग घायल हुए हैं।हूती समूह आम तौर पर अपने लड़ाकों की मौत की जानकारी नहीं देता। हालांकि, अमेरिकी सेना का कहना है कि इन हमलों में कई हूती नेता मारे गए हैं, लेकिन हूती समूह ने इस दावे को गलत बताया है। यह जानकारी सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने दी है।रविवार को हूती समूह ने कहा कि उन्होंने एक और अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन मार गिराया है। नवंबर 2023 से अब तक यह 19वां ड्रोन है जिसे उन्होंने गिराया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने हूती के अल-मसीरा टीवी पर कहा कि यमन के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में हज्जाह प्रांत के हवाई क्षेत्र में दुश्मन के खिलाफ कार्रवाई करते समय अमेरिका का एक एमक्यू-9 ड्रोन मार गिराया गया।

# सूडान के विस्थापित शिविर पर हमलों में 300 से अधिक नागरिक मारे गए : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र ,(आरएनएस)। सूडान के अकालग्रस्त जमजम विस्थापित कैंप पर हुए हमले में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के कार्यालय ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से दी।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने सोमवार को इस घटना की जानकारी देते हुए कहा कि सूडान में उत्तर दारफुर के अल-फशेर में शुक्रवार और शनिवार को जमजम और अबू शौक विस्थापन कैंपों और शहर के आसपास और इनके अंदर हुई गंभीर हिंसा से बड़े पैमाने पर लोगों की मौत हुई है।

ओसीएचए ने लोकल सूत्रों के हवाले से बताया कि मृतकों के शुरुआती आंकड़े आए हैं उनसे पता चलता है कि इन हमलों में 10 संयुक्त राष्ट्र के समन्वय कार्यालय के 10 कार्यकर्ताओं सहित 300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। यह ओसीएचए कार्यकर्ता रिलीफ इंटरनेशनल एनजीओ के जमजम कैंप में चल रहे केंद्रों में बचा हुआ एक मात्र स्वास्थ्य केंद्र था। यह



लोग इसी स्वास्थ्य केंद्र में काम रहे थे। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने इस मामले की जानकारी देते हुए कहा कि इन हमलों में कम से कम 23 बच्चे मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हत्याओं की निंदा की, उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा, सूडान में हमारे मानवीय और स्थानीय सहयोगी क्लेमेंटाइन एनक्वेटा-सलामी ने भी इस हिंसा की कड़े शब्दों में निंदा की है और इस हिंसा को तुरंत खत्म करने व आम लोगों और मानवीय कार्यकर्ताओं की सुरक्षा करने की अपील की है। इन हमलों के दोषियों पर कानूनी कार्रवाई जरूर की जाएगी। यह विशाल जमजम कैंप देश के आर्थिक केंद्र उत्तरी दार्फुर राज्य के दक्षिणी अल-फशेर से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने कहा कि जमजम शिविर से कम से कम 16,000 लोग विस्थापित हुए हैं, जिनमें से कई लोग एल फशेर और पश्चिम में तावीला की ओर पलायन कर रहे हैं।हालांकि, ओसीएचए ने कहा कि स्थानीय सहयोगियों ने बताया कि लगातार हिंसा और विस्थापित लोगों की बढ़ती आमद के कारण एल फशेर में मानवीय और सुरक्षा स्थिति तेजी से बिगड़ रही है।

आईओएम ने कहा कि उत्तरी दारफुर के उम कददाह शहर में एल फशेर के पूर्व में, स्थानीय स्रोतों ने हाल ही में हुई लड़ाई में 50 से अधिक लोगों के मारे जाने और 900 घरों के नष्ट होने की सूचना दी है।

## नासा ने ट्रंप के कार्यकारी आदेश के बाद भारतीय मूल की डीईआई प्रमुख नीला राजेंद्र को किया बर्खास्त

वॉशिंगटन (आरएनएस)। भारतीय मूल की नीला राजेंद्र, जो नासा में विविधता, समानता और समावेश (डीईआई) के कामों की प्रमुख थीं, को उनके पद से हटा दिया गया है। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस कार्यकारी आदेश के तहत उठाया गया है, जिसमें सभी संघीय एजेंसियों में डीईआई कार्यक्रमों को समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। राजेंद्र की बर्खास्तगी ऐसे समय में हुई है जब नासा के भीतर कई प्रयास किए गए थे कि उन्हें किसी नए पद के साथ बनाए रखा जाए।

मार्च में नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने उन्हें टीम उत्कृष्टता और कर्मचारी सफलता का कार्यालय नामक एक नए विभाग का प्रमुख नियुक्त किया था। यह कदम व्यापक रूप से इस प्रयास के रूप में देखा गया कि उन्हें ट्रंप के आदेश के प्रभाव से बचाया जा सके।

हालांकि, भले ही उनका पद बदला गया हो, लेकिन उनके कार्य जैसे कि कर्मचारी सहायता कार्यक्रमों का संचालन और ब्लैक एक्सीलेंस स्ट्रेटेजिक टीम जैसे समूहों का प्रबंधन- लगभग वही रहे। ट्रंप प्रशासन द्वारा डीईआई कार्यक्रमों पर सख्ती बढ़ाने के बाद अंततः उन्हें पद से हटा दिया गया।

जेपीएल के भीतर पिछले सप्ताह भेजे गए एक आंतरिक ईमेल में राजेंद्र की विदाई की पुष्टि की गई। जेपीएल की निदेशक लॉरी लेशिन द्वारा भेजे गए मेल में कहा गया, नीला राजेंद्र अब जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी में कार्यरत नहीं हैं। उन्होंने संगठन पर जो स्थायी प्रभाव डाला है, उसके लिए हम अत्यंत आभारी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

नीला राजेंद्र नासा में अपने वर्षों के कार्यकाल के दौरान विविधता और समावेशन बढ़ाने की कई पहलों में अग्रणी रही हैं। उन्होंने अंतरिक्ष कार्यबल 2030 जैसे अभियान का नेतृत्व किया था, जिसका उद्देश्य नासा के कार्यबल में महिलाओं और वंचित समुदायों की भागीदारी बढ़ाना था।

उनकी बर्खास्तगी ट्रंप प्रशासन की उस व्यापक नीति का हिस्सा है जिसके तहत संघीय एजेंसियों से सैकड़ों डीईआई से जुड़े पद समाप्त किए जा चुके हैं।

# राजधानी में बारिश का कहर, 72 की मौत; पांच हजार से अधिक लोगों ने छोड़ा घर

किंशासा,(आरएनएस)। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के कई हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ ने तबाही मचा दी है। देश की राजधानी किंशासा सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है, यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। ताजा जानकारी के अनुसार, किंशासा के 11 स्वास्थ्य क्षेत्रों में नुकसान हुआ है। वहां 5,000 से ज़्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। अब तक कम से कम 72 लोगों की जान जा चुकी है और 170 से अधिक लोग घायल हुए हैं। यह सब तेज बारिश और बाढ़ की वजह से हुआ। देश के पूर्वी हिस्से में स्थित तांगान्यीका और साउथ किवू प्रांतों में भी भारी नुकसान हुआ है। वहां की स्थानीय सरकार जरूरतमंदों की मदद का पूरा आकलन करने में लगी हुई हैं। किंशासा स्टेडियमों में आपातकालीन राहत केंद्र और आश्रय स्थलों की व्यवस्था की गई है। हालांकि, देश के सबसे बड़े खेल स्टेडियम 'स्टेड दे मार्त्यर' में पहले ही 4,500 से ज़्यादा लोग पहुंच चुके हैं। इसलिए सरकार अब लोगों



को दूसरे स्थानों पर भेजने की योजना बना रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वह स्वास्थ्य और राहत कार्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए पूरी तरह से तैयार है, ताकि जरूरतमंदों को जल्दी और सही तरीके से मदद मिल सके। आने वाले दिनों में और भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे 1.7 करोड़ की आबादी वाले इस शहर में और ज़्यादा तबाही का डर है। यह शहर पहले से ही तेज और बिना योजना के फैलते शहरीकरण की वजह से मुश्किलों में है। यह ध्यान देना जरूरी है कि डीआरसी में आमतौर पर बारिश का मौसम नवंबर से मई तक चलता है। वहीं, 12 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने बेहद संवेदनशील आंकड़ा जारी किया था। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी के मुताबिक ईस्टर्न डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में जारी संघर्ष ने बच्चों को काफी नुकसान पहुंचाया है। जनवरी और फरवरी महीने में ही हर 30 मिनट में एक बच्चे का रेप हुआ।

# खेल समाचार

## पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने रचा इतिहास, कोहली और गेल के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की

रावलपिंडी,(ए)। पाकिस्तान के दाएं हाथ के धाकड़ बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने सोमवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में इस्लामाबाद यूनाइटेड और पेशावर जाल्मी के बीच पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मैच के दौरान इतिहास रच दिया. वह सनसनीखेज शतक के साथ विराट कोहली और क्रिस गेल जैसे खेल के शीर्ष खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गए.फरहान ने हाल ही में संपन्न नेशनल टी20 कप की अपने शानदार फॉर्म को जारी रखा, जहां उन्होंने 3 शतक बनाए थे. 29 वर्षीय फरहान ने साल का अपना चौथा टी20 शतक जड़ा, उन्होंने सिर्फ 52 गेंदों पर 106 रन बनाए और यूनाइटेड को 243 रनों का विशाल स्कोर बनाने में मदद की, जो पीएसएल के इतिहास में संयुक्त रूप से छठा सबसे बड़ा स्कोर है.इस शतकीय पारी के साथ ही फरहान ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया और एक साल में 4 टी20 शतक लगाने वाले इतिहास के केवल पांचवें खिलाड़ी बन गए. 29 वर्षीय फरहान ने अब तक 9 टी20 मैच खेले हैं और क्रिस गेल, विराट कोहली, जोस बटलर और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों के साथ यह रिकॉर्ड शेयर किया है।

## चेन्नई ने रोमांचक मुकाबले में लखनऊ को 5 विकेट से हराया, धोनी ने खेली मैच जिताऊ पारी

लखनऊ,(ए)। आईपीएल 2025 का 30 वां मैच इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ और चिन्नई के बीच खेला गया. जिसमें धोनी की टीम ने ऋषभ पंत की टीम को 5 विकेट से हराकर इस सीजन में अपनी दूसरी जीत दर्ज की है. चिन्नई के लिए यह जीत काफी अहम थी क्योंकि 5 मैच लगातार हारने के बाद उन्हें ये जीत नसीब हुई है.

167 रनों के लक्ष्य को सीएसके के लिए मुश्किल नजर आरहा था लेकिन आखिर में धोनी की 11 गेंदों में 26 रनों की तेज तर्रार पारी और शिवम दुबे की 37 गेदों में 43 रनों की झुझारू पारी ने मैच को चिन्नई की झोली में डाल दिया. सीएसके की 7 मैचों में ये दूसरी जीत है जबकि लखनऊ की 7 मैचों में ये तीसरी हार है.धोनी और दूबे के अलावा आईपीएल में अपना पहला मैच खेलने वाले शैख रशीद और राचिन रवींद्र ने अच्छी बल्लेबाजी की. रशीद ने 19 गेंद में 27 जबकि रचिन 22 गेंद में 37 रनों की पारी खेली. इससे पहले शाम को, सीएसके के गेंदबाजों ने नियंत्रित प्रदर्शन के साथ जीत की नींव रखी. खलील अहमद ने पहले ओवर में एडेन मार्करम को आउट करके शानदार शुरुआत दी, जिसका श्रेय राहुल त्रिपाठी को जाता है. फिर ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ खेल रहे अंशुल कंबोज ने अपनी गति में चतुराई से बदलाव करते हुए खतरनाक निकोलस पूरन को मात्र 8 रन पर आउट कर दिया ।

# श्रेयस अय्यर को चैंपियंस ट्रॉफी जिताने का मिला इनाम, बने ICC 'प्लेयर ऑफ द मंथ'

नई दिल्ली (ए)= भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के धाकड़ बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को उनके शानदार प्रदर्शन का बड़ा इनाम मिला है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को श्रेयस अय्यर को मार्च महीने के लिए 'आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ' अवॉर्ड का विजेता घोषित किया। आईसीसी ने हाल ही में समाप्त हुई चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अय्यर के बेहतरीन खेल की सराहना की, जहां उन्होंने भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। श्रेयस अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम की ओर से सबसे सफल बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 243 रन बनाए, जिसमें दो शानदार अर्धशतकीय पारियां भी शामिल थीं। दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए खिताबी मुकाबले में भी 30 वर्षीय श्रेयस ने दबाव भरी परिस्थितियों में 48 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी, जिसमें दो



चौके और दो छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने फाइनल चार विकेट से जीतकर लगातार दूसरा आईसीसी खिताब (2024 टी20 विश्व कप के बाद) अपने नाम किया। आईसीसी द्वारा इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुने जाने पर श्रेयस अय्यर ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, ॐमार्च के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ के रूप में नामित होने पर मैं वास्तव में बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह मान्यता अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती - यह एक ऐसा क्षण है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा।ॐ अय्यर ने आगे कहा, ॐइतने बड़े मंच पर भारत की सफलता में योगदान देना हर क्रिकेटर का सपना होता है। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं।

# सलीमा की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली (ए)। मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 26 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी इंडिया इसी माह पांच मैच खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। हॉकी इंडिया ने इस दौरे के लिए पांच नये खिलाड़ियों को भी शामिल किया है। भारतीय टीम इस दौरे में 26 अप्रैल से चार मई तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में खेलेगी। इस दौरे से नये खिलाड़ियों को भी अपने को साबित करने का अवसर मिलेगा। भारतीय टीम भारत इस दौरे में पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से खेलेगी और उसके बाद तीन मैच ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगी। सभी पांच मैच पर्थ स्टेडियम में ही खेले जाएंगे।इस दौरे से टीम को जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के टीम के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए भी अवसर मिलेगा। इस बार टीम में पांच खिलाड़ियों ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे



को पहली बार शामिल किया गया है। इस प्रकार टीम में अनुभवी और नए खिलाड़ी दोनो ही शामिल हैं। टीम की कप्तानी जहां सलीमा टेटे के पास रहेगी। वहीं अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी।

अनुभवी सविता और युवा बिचू देवी खारीबाम गोलकीपर रहेंगी जबकि रक्षा पंक्ति में ज्योति सिंह, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम, सुजाता कुजूर, सुमन देवी थौदम, ज्योति, अजमीना कुजूर और साक्षी राणा शामिल हैं।

मध्य पंक्ति की कमान कप्तान टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, महिमा टेटे, पूजा यादव और लालरेम्सियामी पर होगी।

नवनीत कौर, दीपिका, रुताजा दादासो पिसल, मुमताज खान, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग और ब्यूटी डुंगडुंग अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगी। बंसारी सोलंकी (गोलकीपर), अंजना डुंडुंग और लालथंटलुआंगी (डिफेंडर), साक्षी शुक्ला और खैदेम शिलेमा चानू (मिडफील्डर) तथा मोनिका टोप्पो और सोनम (फॉरवर्ड) को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में रखा गया है।

## ऋषभ के बिश्नोई को अंतिम ओवरों में गेंदबाजी नहीं देने पर उठे सवाल

लखनऊ (ए)। लखनऊ सुपर जाएंट्स को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले में अपने घरेलू मैदान पर ही हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत के अंतिम ओवरों में अपने स्पिनर रवि बिश्नोई का इस्तेमाल नहीं करने पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस मैच में जब सीएसके को जब अंतिम 4 ओवरों में 44 रनों की जरूरत थी तो सुपर जाएंट्स के कप्तान के पास बिश्नोई का एक ओवर था पर उन्हें नहीं दिया गया जबकि इस स्पिनर ने अपने पहले 3 ओवर में ही केवल 18 रन देकर दो विकेट लिए थे। इसके बाद भी कप्तान ने उनकी जगह पर तेज गेंदबाजों -शार्दुल ठाकुर और आवेश खान को गेंदबाजी के लिए बुलाया और यही फैसला उन्हें भारी पड़ गया। मैच के बाद कप्तान ने कहा कि उन्होंने बिश्नोई के इस्तेमाल के लिए कई खिलाड़ियों से चर्चा की थी पर ऐसा हो नहीं पाया। पावरप्ले में हम अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पायेहै हालांकि हम चीजों को वापस ला सकते हैं। एक टीम के तौर पर हम हर मैच से सकारात्मक चीजें लेना चाहते हैं और सुधार करने के प्रयास कर रहे हैं।



इस मैच में ऋषभ ने 63 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली थी पर उनका मानना है कि टीम ने 10-15 रन कम बनाए थे जिससे नुकसान हुआ। लखनऊ के कप्तान ने कहा, हमने 10 से 15 रन कम बनाये जबकि हमें साझेदारी बनाये रखनी थी। अगर हम 10 से 15 रन बनाने तो हालात अलग होते। मैं हर मैच के साथ बेहतर महसूस कर रहा हूं, लेकिन कभी-कभी यह काम नहीं आता।

# खरीदी केंद्रों पर किसानों को सुविधा के नाम पर हीला हवाली, आदेशों की हो रही अवहेलना

## राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने उपार्जन केंद्रों पर हो रही अव्यवस्था की शिकायत की



नर्मदापुरम (निप्र)। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने सोमवार को गेहूं उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। महासंघ के पदाधिकारी केंद्रों पर पहुंचे और किसानों के लिए ठंडा पानी बैठने के लिए छाया जगह उपलब्ध कराने सहित अन्य सुविधा देने की बात कही। महासंघ के पदाधिकारियों ने कारपोरेशन की अधिकारी बीएम श्वेता पवार से मौके पर मुलाकात कर अव्यवस्था को लेकर शिकायत की और जल्द ही किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। महासंघ के प्रदेश मंत्री रमाकांत मीना ने कहा कि खरीदी शुरू होने से पूर्व ही कलेक्टर कमिश्नर सहित अन्य खरीदी के नोडल अधिकारियों ने खरीदी केंद्र वालों को आदेश दिए थे कि किसानों को सुविधा देना होगी। लेकिन ठंडे पानी के स्थान पर सिर्फ एक दो खाली मटके रखे हुए दिख रहे हैं। छाया की व्यवस्थाएं अनेक केंद्रों पर नहीं है। तौल कांटे भी पर्याप्त नहीं होने से किसानों के अनाज तुलाई में देरी होती है। उन्होंने बताया कि आदीदेव वेयरहाउस बुधवाड़ा श्री राधा कृष्ण वेयरहाउस काजलखेड़ी, बाबा वेयरहाउस गुर्जरवाड़ा मां नर्मदा कृपा वेयरहाउस गुर्जरवाड़ा आरती वेयरहाउस आंखमऊ आदि का निरीक्षण किसानों के समूह ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा, बाबूलाल यादव, दशरथ मालवीय, सियालाल यादव, मनीष मीणा, नरेंद्र मालवीय मुकेश राणा एवं अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### खरीदी केंद्रों का निरीक्षण जारी रखेंगे

महामंत्री रमाकांत मीणा ने कहा कि गर्मी का असर तेज होता जा रहा है। पैर में तकलीफ है लेकिन किसान हित में मैं लगातार खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचता रहूंगा। किसान स्वयं जागरूक रहें यदि कहीं कोई गडबड़ी हो रही है तो संगठन को अवगत कराए जिससे कि वहां पर पहुंच कर प्रशासन के द्वारा खरीदी केंद्रों के निरीक्षण करने तथा व्यवस्थाओं को दुरस्त कराने वाले अधिकारियों को अवगत कराया जा सके।

# शहर में अवैध होर्डिंग की भरमार, नपा कार्रवाई का डर बता कर खुद डर गई

नर्मदापुरम (निप्र)। शहर में अवैध होर्डिंग की भरमार होती जा रही है। नपा ने पिछले माह अवैध होर्डिंग पर कार्रवाई करने का ऐलान कर अवैध होर्डिंग करने वालों को डराने की कोशिश की थी। लेकिन धमकी देकर नपा स्वयं डर गई। इसी कारण यह अवैधानिक कार्य जमकर फलफूल रहा है। नपा स्वयं उनकी संरक्षक बन रही है। क्योंकि इन अवैध होर्डिंगों पर नपा से संबंधित अनेक लोगों के चेहरे बार बार छपते रहते हैं। इसलिए नपा नजर अंदाज कर रही है अनेक होर्डिंग तो नपा से संबंधितों के ही हैं। ये होर्डिंग मार्गों से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिये दुर्घटना का कारण बन रहे है। सड़क के दोनों किनारों पर हजारों की संख्या में लग चुके हैं। लगातार लगते ही जा रहे हैं।शहर की मुख्य सड़क पर कई स्थानों पर होर्डिंग लगे हुए है। शहर की सड़कों पर चारों ओर होर्डिंग की होड मची हुई है। क्या होर्डिंग लगाने की अनुमति जिला प्रशासन या नगर पालिका द्वारा दी गई है। नपा इस बात की जानकारी देने में भी आनाकानी करती है। इतना जरूर कहा जाता है कि कुछ ही होर्डिंग वैध हैं अधिकांश अवैध हैं। इन होर्डिंग लगाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने में नपा डरती है। ये होर्डिंग दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं।

### नपा को हो सकती है लाखों की आय

यदि नपा इन होर्डिंग वालों से किराया लेना या अनुमति के लिए उनसे राशि लेना शुरू कर दे तो नपा को लाखों रूपये की आय हो सकती है। लेकिन नपा न जाने क्यों इन अवैध होर्डिंग वालों पर मेहरवान है। फिर तो यही कहना होगा कि नपा मिली भगत से अवैध होर्डिंग लगवा रही है।

# वन विभाग के तथाकथित वरिष्ठों का लकड़ी माफिया पर वरदहस्त

## लक्कड़ चौरों पर मेहरबान वन विभाग का अमला

नर्मदापुरम (निप्र)। इटारसी।वन विभाग के तथाकथित वरिष्ठ अधिकारियों का लकड़ी माफिया पर वरदहस्त है। लक्कड़ चौरो पर विभाग के अधिकारी तथा अमला मेहरबान है। तभी तो लक्कड चौरों के होंसले बुलंद हैं। इटारसी रेंज का ही एक मामला सामने आया है कि वहां पर वन विभाग की सुस्ती से अवैध रूप से परिवहन करते हुए पुलिस ने सागौन की लकड़ी पकड़ी थी जिसे थाने में रखवाया गया। जब वन विभाग की नींद खुली तो वन विभाग के अधिकारी गुर्रा थाने पहुंचे लेकिन पुलिस ने उन्हें वह लकड़ी नहीं दी। बताया गया कि करीब 15 नग सागौन की कीमती लकड़ी पाई गई। ये लट्ठे वन विभाग क्षेत्र के बताए गए हैं। लेकिन पुलिस ने पहले कार्रवाई की इस कारण वन विभाग को थाने से वापस लौटना पड़ा। मामला पेचीदा है। इस तरह रात के समय सागौन की जमकर तस्करी हो रही है। विभाग मौन बैठा नहीं है सब कुछ जानते हुए अंजान बनने की कोशिश कर रहा है। यदि पुलिस को 15 नग सागौन मिल सकते हैं तो वन विभाग को क्यों नहीं मिले। ऐसे अनेक मामले वन विभाग की कार्यप्रणाली को उजागर करते हैं। लेकिन जब विभागीय अधिकारी ही माफिया पर मेहरवान हो तो फिर कौन कार्रवाई करेगा।

### ट्रालियों से भरा कर जाती हैं अवैधानिक रूप से लकड़ियां

प्राय: शहर में तथा ग्रामीण क्षेत्रों से अवैध लकड़ियां ट्रालियों से भर कर शहर की ओर आती जाती हैं। लेकिन विभाग के अधिकारियों को नजर नहीं आती क्योंकि उनके द्वारा नजर अंदाज किया जाता है। टालों पर आने वाली लकडियों की भी जांच नहीं होती है।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, नर्मदापुरम द्वारा अकृषि ऋण वितरण प्रारंभ




नर्मदापुरम (निप्र) जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, नर्मदापुरम द्वारा विगत 15 वर्षों से अकृषि ऋणों का वितरण बन्द कर दिया गया था। कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक सुश्री सोनिया मीना के प्रयासों से बैंक द्वारा अकृषि ऋणों का वितरण पुन: प्रारम्भ किया जाकर आज दिनांक को अमित जैन, विपणन अधिकारी को अकृषि ऋण योजना अन्तर्गत कार ऋण वितरण कर कार की चावी सौंपी गई।इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपायुक्त सहकारिता भी उपस्थित रहे।

# एसटीआर परीक्षेत्र चूरना अंतर्गत मृत पाए गए नवजात मादा बाघ शावक का निर्धारित प्रक्रिया अनुसार किया गया शवदाह

नर्मदापुरम (निप्र)। क्षेत्र संचालक सतपुडा टाईगर रिजर्व नर्मदापुरम, राखी नंदा ने बताया कि गत दिवस 12 अप्रैल 2025 को एक नवजात मादा बाघ शावक की मृत्यु की घटना, सतपुडा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत परिक्षेत्र चुरना, बीट साकोट में कक्ष क्रमांक/202 में प्रकाश में आई। जिस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा- निर्देशो के अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास गहन छानबीन की कार्यवाही की गई।इस दौरान अवैध शिकार के कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष साक्ष्य नहीं पाये गये। इसके साथ ही मृत नवजात मादा बाघ शावक की देह पूर्ण रूप से सुरक्षित पायी गयी।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर दिलाई जल संरक्षण की शपथ

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में चयनित आदर्श ग्राम बनवारी विकासखण्ड पिपरिया में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर प्रकृति एवं जल संवर्धन को समर्पित 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बाबा आंबेडकर की पुण्य स्मरण कर उनकी जन्म जयंती मनाई गई। तदोपरांत ग्रामीणों ने जल संवर्धन एवं जल संरचनाओं का पुनरुद्धार करने के अभियान को वृहद रूप से संचालित करने की शपथ ली। इस अवसर पर ग्रामीणों को विकासखण्ड समन्वयक दयाशंकर उमरे एवं जिला पंचायत सदस्य ब्रजकिशोर पठारिया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बनवारी एवं मंजू महिला शिक्षा एवं कल्याण समिति प्रतिनिधि बृजेश कुमार प्रजापति ने समुदाय को निकट भविष्य में आने वाले संभावित जल संकट, जल की उपलब्धता एवं उनके समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी, इसके साथ ही सभी ग्रामीणजनों से गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में रोकने, जल संरक्षण एवं संवर्धन का आवाहन किया।

## आधार कार्ड में सही नाम हेतु विज्ञप्ति

सूचित किया जाता है कि मैं पुष्पलता पाल जन्म तारीख 03-05-1973 पुत्री मधु पाल निवासी शांति नगर वार्ड क्रमांक 18, नर्मदापुरम तहसील व जिला नर्मदापुरम मप्र की निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड का क्रमांक 6627 8138 1498 है। यह सूचना शपथ पत्र के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशित करा रही हूं कि मेरा सही व वास्तविक नाम पुष्पलता पाल है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम पुष्प लता पाल अंकित हो गया है। पुष्प लता पाल एवं पुष्पलता पाल ये दोनों ही नाम मुझ शपथकर्ता के ही हैं।



मैं अपने आधार कार्ड क्रमांक 6627 8138 1498 में मेरे सही व वास्तविक नाम पुष्पलता पाल अंकित कराने बावत व दोनों नामों मेरे ही हैं इसकी सत्यता प्रमाणित करने यह विज्ञप्ति प्रकाशित करा रही हूं। मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है। यदि उपरोक्त जानकारी गलत पाई जाती है तो इसकी समस्त जबाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

पुष्पलता पाल
शांति नगर वार्ड क्रमांक 18,
तहसील व जिला नर्मदापुरम (मप्र)






स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com